ƱZZ ƱZƱOLT
हो’ दोषतुर
(हो’ संस्कार)
THE HO' SACRAMENTS

लेखकः—
डॉ0 दास राम बारदा
केन्द्रीय धर्म सचिव,
आदिवासी हो’ समाज महासभा, चाईबासा।

ƱZZ ƱZƱOLT
हो’ दोषतुर
(हो’ संस्कार)
THE HO' SACRAMENTS

लेखकः—
जतारा दियुरि—सह—पाण्डाइत
डॉ0 दास राम बारदा
पूर्व अधिषद् सदस्य,
जन—जातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा
जिला — पश्चिम सिंहभूम, झारखण्ड।

धर्म सचिव,
आदिवासी हो’ समाज महासभा, केन्द्रीय समिति
चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम, झारखण्ड।
Email :- drbarda1958@gmail.com
Mob.- 9572635713

मूल्यः— 120/एक सौ बीस रुपये मात्र।

◇T-卐 बर–आ′ (प्राक्कथन) PREFACE

हो′ हुदा् रे मुनु काड़ यते एसु पुरः पुनुर (पवित्र) दोषतुरको (संस्कार) मेनः। नेन दोषतुरको बर बहगा रे हटिङ दइयोः अ। मिय्ड् मिह बहगादो हुदा् रेयः दोषतुरको अण्डोः दोसर बहगादो पोरोब् रेयः दोषतुरको तना। नेन हुदा् रेयः दोषतुरको रे जोनोम रेयः दोषतुर, आँ′दि चि अणादि रेयः दोषतुर, गोनोए् रेयः दोषतुर अण्डोः जते–पनरचि रेयः (प्रायश्चित) दोषतुरको एमन मेनः। एनका गे, दोसर बहगा रे पोरोब्–पोनइको रेयः दोषतुरको एमन मेनः। जेमोन :–माँगे पोरोब्, बहा पोरोब्, हेरोः पोरोब्, बड्ताउलि पोरोब् अण्डोः जोमनमा पोरोब्को एमन मेनः। सोंगे ते गे बाबा मुउट, अषाड़िया्, जनतड़ा, कारम, दसाँय, कोलोम उटा्णि, ताण्डि पोरोब् एमन दोषतुरको मेनः। बुरु संगर, सिंगिरा्य पोरोब्को एमन मेनः। नमा ओवः बइ यन रे ओवः जते–पनरचि चि ओवः अणादि दोषतुरको एमन मेनः। बाला–साका रे नमा ओवः–दुवा्र नेल चि बाला–बपालाको एमन मेनः। बिषिः रे षिइइँः बिषिः, जोनोम बिषिः, अणादि बिषिः, गोनोए् बिषिः अण्डोः बिट्ल बिषिःको एमन मेनः। नेन बिषिःको रे जते–पनरचि (प्रायश्चित) रेयः एनेतोको एमन मेनः गेया। हो′ हुदा् रे दियुरिको, पाण्डाइतको, ए′णको अण्डोः देयोवाँको अः किलिमिलि बारोनको (व्रत) एमन मेनः। एनका गे मुण्डा्, मणाकि, डाकुवा्, पोरजा–पइकिको अः तनगा–दपइ दिइति (दायित्व) मेनः। सिदा्मन हो′को नेन ओतोङको बुगिलेका तेको मान–मनातिङ हुजुः लेडा। एन मान–मनातिङको एमन आ′–काजि रे गेको रिका् लेडा। दुर्ङ, कहानि, कुदुम, मोनतोर एमनको रेको सजाओ रिका् लेडा। नेन ओतोङ जनागरको बुड़ा् हो′, बुड़ि एराको तहः रे मेनः। मेनदो तिसिङ अबु हो′को रे लइइः अनासुल होराको रे गे मेनःबुआ्। एन बुड़ा् हो′को चि बुड़ि एराको तहः रे दुब्–अकन ते अयुम–जोङ तेयः सोमय बनोः यना। एन सगुन जनागरको ओल रिका्य तेयः सोमय बनोः यना। एनमेनते, हो′ हुदा् रेयः पुनुर दोरोम दोषतुर रेयः षासतोर (पवित्र धर्म शास्त्र) बनोः यना। एन सगुन जनागरको गे तिसिङ अलिळ नेन पुति रेलिळ ओल अंकाय तना।

अषरा मेनः, (आशा है) चि नेन हुड़िङ–नोः पुति रे ओल–अकन दोषतुरको अबु हो′ हुदा् रेन हो′को लगिड् बुगिन अण्डोः सगुन (शुभ) होरा पाँजा नमे तेयःको नमेया।

– **ओतोल्ल,** डॉ0 दास राम बारदा।

◇FUH-ſZAZT (बिष्य–डोगोर)
बिषय–सूचो CONTENTS

(1) प्रकृति (पुदगा्ल) The Nature

(2) Ufსωο∂ภſ (षिळ्ह्बोंगा) भगवान GOD

(3) चुम्बकीय Åर्जा (ओŸı रोयोङ) Magnetic Energy

(4) सौर ऊर्जा (एंगेल रोयोङ) Solar Energy

(5) हो′ समुदाय में आस्था और विश्वास

(6) व्यक्तिगत पूजा स्थान

(7) सामूहिक पूजा स्थान

(8) पवित्र वंशज पूजा स्थान (अदिङ)

(9) धान रखने का स्थान (तनतरा)

(10) पवित्र आँगन (राचा)

(11) नगे एरा बिषिः टयेड् (कुण्डा्म)

(12) गोहाल पूजा स्थान (गोवाँ वोंङा टयेड्)

(13) गोबर गड्ढा स्थान (गुरिः दुबि टयेड्)

(14) स्वाभाविक मृत्यु

(15) कव्रस्थान (उकु षासन)

(16) स्वाभाविक मृत्यु का कव्रस्थान

(17) अस्वाभाविक मृत्यु एवं जन्म छूत मृत्यु (बिषिः–बिट्ल′न गोनोए्)

(18) अस्वाभाविक मृत्यु एवं जन्म छूत मृत्यु का कव्रस्थान (बिषिः–बिट्ल′न षासन)

(19) खलिहान पूजा स्थान (कोलोम वोंगा टयेड्)

(20) वंशज महादेव पूजा स्थान (मरं वोंगा टयेड्)

(21) जल देवी पूजा स्थान (नगे एराको अः टयेड्)

(22) ग्राम गइँश्री स्थान (हातु गइँषिरि टयेड्)

(23) जाहेर थान (देषाउलि अण्डोः जयेरा टयेड्)

(24) गोट पूजा स्थान (गोहोट वोङा टयेड्)

(25) बड़ाम बोंगा हण्डोर एड़ः टयेड्

(26) मंत्र पाठशाला स्थान (मोनतोर अकाड़ा)

(27) नाच–गान अखाड़ा (षुसुन अकाड़ा)

(28) खेल का मैदान (इनुङ गोड़ा)

(29) आषाढ़ी पूजा स्थान (अषाड़िया् वोङा)

(30) जन्ताल पूजा स्थान (जनताड़ा वोङा)
(31) हर जाण्टा बोङा टयेड्
(32) असगुन पूजा स्थान (एरे बोङा एड़्: टयेड्)
(33) वनभोज स्थान (बोड़ोबुळ्जि टयेड्)
(34) छाता मेला स्थान (चाता पोरोब् टयेड्)
(35) करमा पूजा स्थान (कारम वोङा टयेड्)
(36) शैतान की बिदाई स्थान (बगिया् हण्डोर एड़्:)
(37) सामूहिक माँगे पोरोब्
(38) अदिङ में माँगे पोरोब्
(39) अनादेर
(40) गउ महरा
(41) ओते इलि
(42) हे: साकम
(43) गुरि् लोयो
(44) मरं पोरोब्
(45) जतारा पोरोब्
(46) हर मगेया या हर बगिया्
(47) अदिङ में बहा पोरोब्
(48) अदिङ में हेरो: पोरोब्
(49) अदिङ में बड्ताउलि पोरोब्
(50) अदिङ में जोमनमा पोरोब्
(51) स्वाभाविक मृत्यु Normal death
(52) अस्वाभाविक मृत्यु Ab-normal death
(53) हो' जनजाति समुदाय में वेद (बेएद)
(54) शिशु वेद (षिशु बेएद)
(55) औरतों के गर्भकाल के समय
(56) शिशु बच्चा जन्म के समय
(57) शादी–विवाह के समय
(58) बपाला के बाद समधि बिदाई के समय
(59) मृत्यु के समय
(60) शिशु वेद (षिशु बेएद) के सि)ान्त
(61) तन्त्र (ओŸोनतोर) Natural Bylaws
(62) मन्त्र (मोनतोर) Volumetrical Sound
(63) यन्त्र (जोनतोर) Mechanical Apparatus
(64) ग्राम गइँश्री (हातु गइँषिरि)
(65) आस्था और विश्वास का उदय
(66) षोयतायेम् (प्राकृतिक रचना में सत्य पर आस्था)
(67) षेबायेम् (प्रकृति में प्रकृति की सेवा–अर्चना)
(68) षुन–दुर्ंङेम् (प्रकृति में उसके अनुकूल नाच–गान)

ƱZZ ƱZƱOLT
हो’ दोषतुर
(हो’ संस्कार)
The Ho' Sacraments

(1) प्रकृति (पुदगा्ल) The Nature

हो’ जनजाति समुदाय ‘आदि काल’ से ‘प्रकृति’ (पुदगा्ल) की गोद में रहते आ रहे हैं। और प्रकृति की पूजा–उपासना ही करते आ रहे हैं। ‘प्रकृति’ को ही श्रृष्टि कŸर्ा, पालन कŸर्ा एवं संहार कŸर्ा यानि भगवान (षिळ्ह्बोंगा GOD) की संज्ञा दी जाती हैं। प्रकृति की रचना एवं उनके Øियाकलाप के अनुकूल ही अपना अलग संस्कार (दोषतुर) का उदय हुआ। उसी प्रकार से प्रकृति को ही ‘देवी–देवताओं’ (वोंगा–बुरु) के रूप में माने जाते हैं। इसलिए, हो’ समुदाय में प्रकृति में प्रकृति की पूजा–पाठ करने का प्रचलन हुआ। हो’ समुदाय में मुख्य पाँच प्रकार के ही ‘श्रृष्टि देवी–देवताओं’ की पूजा की जाती हैं। और पाँच प्रकार के ‘वंशज देवी–देवताओं’ की ही पूजा की जाती है। जो अपनी भाषा (हो’ भाषा) में ही ‘मन्त्रोच्चारण’ करने का रिवाज है। हो’ समुदाय के प्रत्येक पर्व– त्योहारों में इन पाँच ‘श्रृष्टि देवी–देवताओं’ की पूजा की जाती हैं। और पाँच ‘वंशज देवी–देवताओं’ की भी पूजा की जाती है। उसी प्रकार से प्रत्येक छूत संस्कार में भी इन पाँच ‘श्रृष्टि देवी–देवताओं’ की पूजा की जाती हैं। और पाँच ‘वंशज देवी–देवताओं’ की भी पूजा की जाती है। हो’ समुदाय की ‘पूजा प)ति’ एवं उनकी ‘आस्था और विश्वास’ भी किसी अन्य समुदाय से अलग ही होते हैं। इसलिए, हो’ समुदाय के ‘पूजा स्थान’ भी अलग प्रकार के होते हैं। चूँकि हो’ समुदाय प्रकृति के उपासक होते हैं, और पूजा स्थान भी प्रकृति की गोद में ही माने जाते हैं। हो’ समुदाय में कहीं ‘स्वर्ग या नरक’, ‘तीर्थस्थान’, किसी ‘मूŸिर् पूजा’ एवं ‘पाप एवं पुण्य’ पर आस्था और विश्वास नहीं रखते है।

प्रकृति में अनेक प्रकार के पेड़–पौधे आदि होते हैं। अनेक प्रकार की लताएँ भी होती हैं। इन पेड़–पौधों के छाल का स्वाद

भी चखते, जानते और समझते हैं। उसी प्रकार से तरह–तरह की लताओं के गुण आदि भी जानते हैं। उनमें किस पेड़–पौधों के फल एवं फूल खाये जाते हैं, उसे सब पता होता है। पेड़–पौधों की छालों के गुण आदि भी जानते हैं। उनमें से किस लताओं से कौन–सी दवाएँ बनती हैं, उसे आदि काल से व्यवहार में लाते आ रहे हैं। जंगल की किस चिड़ियों को खाते हैं, उसे सब पता होता है। उसी प्रकार से किस पेड़ में या पौधों का कन्द होता है, और किसे खाया जाता है, उसे भी पता रखते हैं। उसे किस जंगल में कौन–सा कन्द कहाँ और कब मिलता है, उसे पता होता है। कौन–सा पेड़ किस _तु में कब फूलता–फलता है, उसे पता होता है। उसी प्रकार से किस मौसम में कौन–सा छŸk (मशरुम) निकलता है, उसे भी पता होता है। और किस मौसम में कैसा पानी बरसता है, उसे भी पता रखता है। पेड़ की पिŸायों को देख कर अकाल होने की सम्भावना को बता सकते हैं। चिड़ियों के चहचहावट से पता कर सकता है, कि किस दिशा में खूँखार जंगली जानवर होते हैं।

(2) [illegible] (षिळ्ह्बोंगा) भगवान GOD

श्रृष्टि करने वाला, पालन करने वाला और संहार करने वाला को ही भगवान कहा जाता है। इसलिए, हो' समुदाय के अनुसार 'प्रकृति' (पुदगा्ल) को ही [illegible] (षिळ्ह्बोंगा) भगवान GOD का रूप कहा जाता है।

[illegible] = [illegible] + [illegible] – [illegible].
षिळ्ह्बोंगा = षिळ् + बुउ – ओंगाह।
भगवान = भग + वान्।
GOD = G + O + D.
G for Generator (ब्रह्मा)– श्रृष्टि कŸाा,
O for Operator (विष्णु)– पालन कŸाा एवं
D for Destroyer (महेश)– संहार कŸाा।

देवी–देवता = वोंगा–बुरु। हो' समुदाय में इन सबको वर्ष में एक बार सेवा–अर्चना किया जाता है। क्योंकि, ये सब 'सुआत्मा' होते हैं और लोगों की भलाई करते हैं। भूत–प्रेत = बोंगा–बुरु। हो' समुदाय में इन सबको गाँव से बाहर भगा दिया जाता है। क्योंकि, ये सब 'कुआत्मा' होते हैं और लोगों की बुराई करते हैं। हो' समुदाय के मतानुसार 'स्वाभाविक मृत्यु' की आत्मा को 'सुआत्मा' कहा जाता है। उसी प्रकार से 'अस्वाभाविक मृत्यु' की आत्मा को 'कुआत्मा' कहा जाता है। पुरूष लोगों की 'सुआत्मा' को 'देवता' (कोवा वोंगा) कहा जाता है। और स्त्री लोगों की 'सुआत्मा' को 'देवी' (कुइ वोंगा) कहा जाता है। उसी प्रकार से पुरूष लोगों की 'कुआत्मा' को 'भूत' (कोवा बोंगा) कहा जाता है। और स्त्री लोगों की 'कुआत्मा' को 'प्रेत' (कुइ बोंगा) कहा जाता है। सेवा–अर्चना = षेबा–साड़ा। हो' समुदाय के अनुसार 'सेवा' (षेबा) एक प्रकार का 'मन्त्र (मोनतोर) एवं तन्त्र' (ओŸाोनतोर) होता है, जो दिखता नहीं है। मगर 'अर्पण' (साड़ा) किया जाने की सामग्री आँख से दिखाई देता है। जो 'मन्त्र' के द्वारा विधि–विधान (तन्त्र) के साथ 'पूजा सामग्री' (वोङाय सामगिरि) अर्पण (दाँङ) किया जाता है। वह साक्षात रूप से 'पूजा सामग्री' दिखाई देता है। आस्था और विश्वास = पतिया्ओ ओण्डो: षारि। आस्था (पतिया्ओ का अर्थ होता है, जिसे आँख से देखे बिना विश्वास किया जाता है। जैसेः– भगवान, देवी, देवता, भूत, प्रेत आदि।) विश्वास (षारि का अर्थ होता है, जिसे अपनी आँख से देख कर विश्वास किया जाता है। जैसेः– पृथ्वी, सूरज, चाँद, तारे आदि अपनी आँख से दिखाई देते हैं।) संस्कार (दोषतुर = दोष + तुर्र)। पूर्वज द्वारा दोष यानि गलत जो हो चुका है, उसे प्रायश्चित रूप से समाधान करना ही 'संस्कार' (दोषतुर) कहा जाता है।

चूँकि, इस प्रकृति (पुदगा्ल) यानि इस धरती या संसार (ओŸाा–ताल) में दो प्रकार की Åर्जाएँ विद्यमान होती हैं। इसी Åर्जा से ही प्रकृति में जीव–जन्तुओं एवं वनस्पतियों की उत्पिŸk gksrh gSaA vkSj blh Åर्जा से ही सब जीते एवं मरते भी हैं। वनस्पति भी इसी Åर्जा से ही अंकुरते हैं। और इसी Åर्जा से ही उगते एवं जीते मरते हैं। उसी प्रकार से मनुष्य प्राणी भी इसी Åर्जा से ही अपनी माता के गर्भ में 'गर्भधारण' करता है। उसके बाद जन्म लेता है, और इस Åर्जा से ही पलता–पोषता है, और मरता भी है। यह तो प्रकृति की ही देन (पुदगा्ल रेय: एनेम) God gift है। इसलिए, हो' समुदाय में 'प्रकृति' (पुदगा्ल) को ही 'भगवान' (षिळ्ह्बोंगा) GOD कहा जाता है।

इस प्रकृति यानि इस धरती में निम्नलिखित दो प्रकार की Åर्जाएँ होती हैं। इन दो Åर्जाओं के बारे में आदि काल से हो' समुदाय के लोग अच्छी तरह से जानते थे। जैसेः–

(1) चुम्बकीय Åर्जा (ओŸा रोयोङ) Magnetic Energy एवं

(2) सौर Åर्जा (एंगेल रोयोङ) Solar Energy।

(3) चुम्बकीय Åर्जा (ओŸा रोयोङ) Magnetic Energy

हो' समुदाय के अनुसार उŸार दिशा (जाम्बारा जना) को चुम्बकीय Åर्जा (ओŸा रोयोङ) Magnetic Energy का धनात्मक आवेश (पोर्र योङ) माना जाता है। और दक्षिण दिशा (काँदुवा् जना) को चुम्बकीय Åर्जा (ओŸा रोयोङ) Magnetic Energy का ऋणात्मक आवेश (ओब् योङ) माना जाता है। क्योंकि, चुम्बकीय Åर्जा (ओŸा रोयोङ) Magnetic Energy हमेशा दिन–रात चलते रहता है। यह कभी रुकता नहीं है, बल्कि उŸार दिशा (जाम्बारा जना) से दक्षिण दिशा (काँदुवा् जना) की ओर चुम्बकीय Åर्जा (ओŸा रोयोङ) Magnetic Energy सतत् बहती जाती है। इस चुम्बकीय Åर्जा (ओŸा रोयोङ) Magnetic Energy से जीवन दान प्राप्त होता है। और माता के गर्भ में भी इस चुम्बकीय Åर्जा (ओŸा रोयोङ) Magnetic Energy से ही पोषण भी मिलता है। हो' समुदाय के अनुसार, इस संसार में जितने भी जीवधारी होते हैं, पाँच प्रकार के ही जीव पाये जाते हैं। इन पाँच प्रकार के जीवों की सुरक्षा एवं मंगल कामना के लिए ही 'माँगे पोरोब्' का त्योहार माना जाता है। (पोरोब् = पोर्र $^{+}$ + ओब् $^{-}$)।

(4) सौर Åर्जा (एंगेल रोयोङ) Solar Energy

हो' समुदाय के अनुसार पूरब दिशा (तुर्र जना) को सौर Åर्जा (एंगेल रोयोङ) Solar Energy का धनात्मक आवेश (तुर्र योङ) माना जाता है। और पश्चिम दिशा (षुर्र् जना) को सौर Åर्जा (एंगेल रोयोङ) Solar Energy का ऋणात्मक आवेश (षोर्र् योङ) माना जाता है। क्योंकि, सौर Åर्जा (एंगेल रोयोङ) Solar Energy हमेशा दिन को ही चलता है, रात को स्थितिज Åर्जा में विद्यमान रहता है। और यह सौर Åर्जा (एंगेल रोयोङ) Solar Energy हमेशा पूरब दिशा (तुर्र जना) से पश्चिम दिशा (षुर्र् जना) की ओर बहती है। सौर Åर्जा (एंगेल रोयोङ) Solar Energy हमेशा सूर्योदय होते ही चालू हो जाता है। और सूर्यास्त होते–होते अपना काम को स्थगित कर स्थितिज Åर्जा में विद्यमान रहता है। यही चØ सालों भर चलते रहता है। हो' समुदाय के अनुसार, इस सौर Åर्जा (एंगेल रोयोङ) Solar Energy से ही 'माता के गर्भ' में 'शिशु बच्चा' को बिना साँस लिए 9 माह 7 दिन जीवित रहता है। और गर्भ में पोषण होकर जन्म लेता है।

इसलिए हो' समुदाय में उŸार दिशा (जाम्बारा जना) की ओर मुँह करके कोई काम करना शुभ माना जाता है। और दक्षिण दिशा (काँदुवा् जना) की ओर मुँह करके काम करना अशुभ माना जाता है। चुम्बकीय Åर्जा (ओŸा रोयोङ) Magnetic Energy का उŸार दिशा (जाम्बारा जना) का धनात्मक आवेश (पोर्र योङ) और दक्षिण दिशा (काँदुवा् जना) का ऋणात्मक आवेश (ओब् योङ) को संतुलन करना ही पर्व (पोरोब्) कहा गया है। उसी प्रकार से पूरब दिशा (तुर्र जना) की ओर मुँह करके कोई काम करना शुभ माना जाता है। और पश्चिम दिशा (षुर्र् जना) की ओर मुँह करके काम करना अशुभ माना जाता है। इसलिए 'शादी–विवाह' के समय हो' समुदाय में अपने आँगन में 'हल्दी लेपन' के समय पूरब दिशा की ओर मुँह किया जाता है। और मण्डप बेदी के अन्दर उŸार दिशा की ओर मुँह करना शुभ माना जाता है। अतः मरने के बाद लाश को दक्षिण दिशा की ओर 'सर या माथा करना' और उŸार दिशा की ओर 'पैर करना' शुभ माना जाता है।

(5) हो' समुदाय में आस्था और विश्वास

हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार नया घर बनाने के बाद आजीवन ये सब कर्म काण्ड करना अनिवार्य माना जाता है। जैसेः–

(1) नव गृह प्रायश्चित एवं गृह प्रवेश (नमा ओवः जते–पनरचि अण्डोः वोङा अनादेर)।

(2) अपनी माँ के द्वारा नव शिशु का गोदी करके गृह प्रवेश (नमा सिटिया् कोयोङ अनादेर अण्डो: वोङा अनादेर)।
(3) नव दूल्हन का कमर में गोदी करके गृह प्रवेश (नमा किमिन हेबे अनादेर अण्डो: वोङा अनादेर)।
(4) मृत आत्मा को पुकार कर गृह प्रवेश (रोवाँ केया अनादेर अण्डो: वोङा अनादेर) और
(5) श्रा)कर्म (दिरि दुल सुनुम) के उपरान्त प्रायश्चित एवं हवन–योग के बाद गृह प्रवेश (बिषि: ओव: जते–पनरचि अण्डो: वोङा अनादेर)।

हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार आदि काल से दियुरि प्रथा या प्रणाली या पद्धति पाँच प्रकार के माने जाते हैं। जैसे:–
(1) षुक्न जतारा दियुरि,
(2) षुक्न माँगे दियुरि चि बुरु माँगे दियुरि,
(3) हातु माँगे दियुरि,
(4) दिलि माँगे दियुरि और
(5) बुरु–वोंगा दियुरि।

हो' समुदाय के अनुसार इन पाँच प्रकार के दियुरियों में 'षुक्न जतारा दियुरि' या 'जतारा दियुरि' वंशानुगत Parental होते हैं। बाकि दियुरियों को 'रुम नम' के द्वारा चयन किया जाता है।

हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार 'श्रृष्टि आत्मा जीव' (षिरजोन रेन रोवाँ जिउको) की संख्या निम्नलिखित मुख्य पाँच प्रकार के माने जाते है। जैसे (जेमोन):–
(1) उत्पŸिा आत्मा जीव (उप्न रोवाँ जिउको),
(2) तपस्या आत्मा जीव (जापन रोवाँ जिउको),
(3) पिण्डज आत्मा जीव (जोनोम रोवाँ जिउको),
(4) प्रायश्चित आत्मा जीव (जतेन रोवाँ जिउको) और
(5) अण्डज आत्मा जीव (रुतुइ् रोवाँ जिउको) आदि।

हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार 'श्रृष्टि के देवी–देवताओं' (षिरजोन रेन वोंगा–बुरुको) की संख्या निम्नलिखित मुख्य पाँच प्रकार के माने जाते है। जैसे (जेमोन):–
(1) माङ बुरु,
(2) देषाउलि,
(3) पउइँ,
(4) जयेरा तथा
(5) गोवाँ वोंगा आदि।

हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार 'पर्व–त्योहारों' (पोरोब्–पोनइको) की संख्या निम्नलिखित मुख्य पाँच प्रकार के माने जाते है। जैसे (जेमोन):–
(1) माँगे पोरोब्,
(2) बहा पोरोब्,
(3) हेरो: पोरोब्,
(4) बड्ताउलि पोरोब् और
(5) जोमनमा पोरोब्।

हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार 'छूत' (बिषि:) की संख्या निम्नलिखित मुख्य पाँच प्रकार के माने जाते है। जैसे (जेमोन):–
(1) मासिक छूत संस्कार (षिइँ: बिषि: दोषतुर),
(2) जन्म छूत संस्कार (जोनोम बिषि: दोषतुर),
(3) विवाह छूत संस्कार (आँ'दि बिषि: दोषतुर),
(4) मृत छूत संस्कार (गोनोए् बिषि: दोषतुर) और
(5) अशिष्ट छूत संस्कार (बिट्ल बिषि: दोषतुर)।

हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार 'ज्ञानेन्द्रियों' (षेयाँ' नतिया्को) की संख्या निम्नलिखित मुख्य पाँच प्रकार के माने जाते है। जैसे (जेमोन):–
(1) आँख (मे:ड्),
(2) कान (लुतुर्),
(3) नाक (मुटा् चि मुआँ),
(4) मुँह संग जीभ (आ सोंगे ते ले: चि हालं) और
(5) त्वचा संग मस्तिष्क (उउँर सोंगेते हातं चि मोगोज)।

हो' समुदाय के मतानुसार 'पंचांग' (गोरगोणिड्) में 'पाँच अंग' (मोणे उटिड् चि हित्ड्) की संख्या निम्नलिखित मुख्य पाँच प्रकार के माने जाते है। जैसे (जेमोन):–
(1) तिथि (दिल्),
(2) बार (उलं),
(3) नक्षत्र (पाँडा),

(4) योग (जोओग चि जोगोन) और
(5) करण (लगिन चि लोगोन)।

हो' समुदाय के अनुसार तिथि (दिल्) के दो पक्ष (पनह) होते हैं। एक शुक्ल पक्ष (तेते: पनह) की तिथि तथा दूसरा कृष्ण पक्ष (नुब: पनह) की तिथि। प्रत्येक पक्ष के 15–15 दिन या दिवस के होते हैं। दिन या दिवस की संख्या 7 होते हैं।

हो' समुदाय के मतानुसार शादी–विवाह में पाँच प्रकार के कर्म काण्ड पूरा करना अनिवार्य माना जाता हैं। जैसेः–
(1) दूल्हन का सिंदूर दान एवं लोहा का चूड़ी पहनाना (सिंदुरि दान अण्डो: मेएड् साकोम तुसिङ),
(2) दूल्हन का कमर में गोदी करके गृह प्रवेश (अदिङ रे हेबे अदेर),
(3) दूल्हन का अदिङ में पूजा प्रायश्चित गृह प्रवेश (अदिङ रे 'वोङा अदेर),
(4) दूल्हन का अदिङ में खान–पान गृह प्रवेश (अदिङ रे 'जोम इसिङ) और
(5) दूल्हन का अदिङ में प्रसादी ग्रहण गृह प्रवेश (अदिङ रे 'जोम सुट्म)। हो' समुदाय में इन पाँच विशेषताओं का होना अनिवार्य माना जाता है।

हो' समुदाय के मतानुसार Å̈गलियों की संख्या निम्न–लिखित मुख्य पाँच प्रकार के माने जाते है। मानव में हाथ एवं पाँव की 5 ऊँगलियाँ (अंगुड़िको) ही प्राकृतिक रूप से होती हैं। यथाः–
(1) अंगूठा (एंगा गाँडा 'माङ बुरु' के लिए),
(2) तर्जनी (चुण्डुल गाँडा 'देषाउलि' के लिए),
(3) माध्यमिका (मुतुल गाँडा 'पउइँ या पउणि' के लिए),
(4) अनामिका (लुकु गाँडा 'जयेरा' के लिए) और
(5) कनीनिका (कानि गाँडा 'गोवाँ वोंगा' के लिए)।

'सारना धर्म दस्तूर' (षहारन: दोरोम दोषतुर) के 'अंक ज्योतिष' (अंका पाँडाइति) के मतानुसार चटाई (किंद्ड् किता् जाटि) की लम्बाई 1 हाथ 1 बित्ता और 3 ऊंगली (षरसर) होती है। हो' समुदाय के मतानुसार 'विवाह संस्कार' (अणादि दोषतुर) में दूल्हा एवं दूल्हन की 'चटाई आसन' का मूलांक संख्या लम्बाई में 5 होती हैं। इसकी मूलांक संख्या 5 इस प्रकार हैं। जैसे (जेमोन):–
'चटाई का आसन' (किंद्ड् किता् जाटि) की लम्बाई में – 1 हाथ
'चटाई का आसन' (किंद्ड् किता् जाटि) की लम्बाई में – 1 बिŸाा और
'चटाई का आसन' (किंद्ड् किता् जाटि) की लम्बाई में – 3 Å̈गली।

इस चटाई का आसन में अंक संख्या होती है, अंक इकाई में नहीं होती है। इसलिए, कुल संख्या जोड़ने पर मूलांक संख्या (1 + 1 + 3 = 5) होती है।

हो' समुदाय के मतानुसार 'मृत छूत संस्कार' (गोनोए बिषि: दोषतुर) में लाश दफनाने के पूर्व 'पाँच चीजों' (सजीव एवं निर्जीव) का 'सगुन तैल नहान' कर्म के लिए सगुन अंजलि (षहार तेला उरा्) करना अनिवार्य माना जाता है। उन 'पाँच चीजों' में जैसे (जेमोन):–
(1) गोटा बीरी (गोटा राँबाह) और
(2) सिझा हुआ चावल यानि उष्णा चावल (तिकि चउलि)।
(3) धूब घास (दुबि तासड्),
(4) आरवा धान (अदोवा बाबा),
(5) गोबर की गोली (गुरि: डुइ),

हो' समुदाय में लाश दफनाने के पूर्व इन पाँच चीजों (सजीव एवं निर्जीव) का 'सगुन तैल नहान अंजली' (षहार तेला उरा्) करना अनिवार्य माना जाता है। हो' समाज में 'मुखाग्नि' नाम का कोई स्थान नहीं होता है। क्योंकि, हो' समुदाय में 'स्वाभाविक मौत' के लाश को 'दहन' करने का रिवाज नहीं है। बल्कि 'स्वाभाविक मौत' के लाश को 'दफन' करने का पवित्र रिवाज होता है। सिर्फ 'अस्वाभाविक मौत' के लाश को ही 'दहन' करने का पवित्र रिवाज होता है। हो' समुदाय में 'अस्वाभाविक मौत' के लाश को 'दहन' करने का पवित्र रिवाज होता है। 'दहन' करना या 'दफन' करने के पूर्व इन पाँच चीजों (सजीव एवं निर्जीव) का 'सगुन तैल नहान अंजली' (षहार तेला उरा्) करना वर्यनीय है। 'अस्वाभाविक मौत' की आत्मा (रोवाँ) को 'अदिङ' में 'अत्मा पुकार' (रोवाँ केया अदेर) नहीं किया जाता है। क्योंकि, अस्वाभाविक मौत की आत्मा 'भूत–प्रेत आत्मा' (बगिया्) होती हैं।

इस प्रकार से उä 'सगुन तैल नहान अंजली' (षहार तेला उरा) सामग्रियों को दो भागों में 'बाँटने' का रिवाज पवित्र माना गया है। एक भाग 'औरतों' के लिए 'हल्दी तैल नहान' के समय 'आत्मा पुकार' (रोवाँ केया अदेर) करने के लिए होता है। तथा दूसरा भाग 'मर्दो' के लिए 'धान बुनाई' के समय 'धान मुट्ठी' (बाबा मुउट) के लिए होता है।

उन पाँच चीजों में औरतों के लिए पहला भाग में दो सामग्रियाँ होती हैं। जैसेः–
(1) गोटा बीरी (गोटा राँबाह) और
(2) सिझा हुआ चावल यानि उष्णा चावल (तिकि चउलि)।

इन दो चीजों को 'अदिङ में आत्मा पुकार' (रोवाँ केया अदेर) के समय 'औरतों' के लिए हिस्सा होता है। 'आत्मा पुकार' के दिन इन दो चीजों को भात–दाल बनाकर 'अदिङ में अर्पण करना' पवित्र माना गया है। इस प्रकार से हो' समुदाय में 'मृत संस्कार' (गोनोए दोषतुर) का पवित्र प्रचलन होता है, जो अन्य समुदाय से अलग माने जाते हैं।

उसी प्रकार से उन पाँच चीजों में मर्दों के लिए दूसरे भाग में तीन सामग्रियाँ होती हैं। जैसेः–
(1) धूब घास (दुबि तासड़),
(2) आरवा धान (अदोवा बाबा),
(3) गोबर (गुरि:)।

इन तीन चीजों को खेत में 'धान मुट्ठी' (बाबा मुउट) के समय 'मर्दों' को धान बुनाई के लिए हिस्सा होता है। 'धान मुट्ठी' (बाबा मुउट) के समय इन तीन चीजों को अपने खेत में बुनना पवित्र माना गया है। इसलिए, हो' समुदाय के अनुसार धान मुट्ठी वाला खेत के धान को अलग रखा जाता है। क्योंकि, इस खेत के धान से बना चावल को अन्य व्यäियों को नहीं दिया जाता है। इस चावल को किसी अन्य व्यäियों को देने से 'सगुन' (षहार) चले जाने पर आस्था और विश्वास रखा जाता है।

हो' समुदाय में पवित्र 'इष्ट पूजा स्थान' मुख्य दो प्रकार के माने जाते हैं। हो' समुदायों में पूजा स्थान की परम्परा निम्नलिखित इस प्रकार के माने जाते है। जैसे (जेमोन):–
(1) व्यäिगत पूजा स्थान और
(2) सामूहिक पूजा स्थान होते हैं।

(6) व्यäिगत पूजा स्थान

हो' जनजाति समुदायों में 'व्यäिगत पूजा–पाठ' में मन्त्र आदि अपनी 'हो' भाषा' में सम्पन्न करने का रिवाज है। 'व्यäिगत पूजा–पाठ' सम्पन्न करने के लिए एक सुरक्षित एवं पवित्र 'पूजा स्थान' निम्न प्रकार के होते हैं। जैसे (जेमोन):–
(1) सर्वोच्च पवित्र इष्ट पूजा स्थान (अदिङ),
(2) पवित्र आँगन (राचा),
(3) धान रखने का स्थान (तनतरा),
(4) नगे एरा बिषि: टयेड् (कुण्डा्म)
(5) गोहाल पूजा स्थान (गोवाँ वोङा टयेड्),
(6) गोबर गड्ढा स्थान (गुरि: दुबि टयेड्),
(7) कब्रस्थान (उकु षासन टयेड्),
(8) खलिहान पूजा स्थान (कोलोम वोङा टयेड्),
(9) इष्ट वंशदेव पूजा स्थान (मरं वोंगा रेय: वोङा टयेड्),
(10) जल देवी पूजा स्थान (नगे एरा रेय: वोङा टयेड्) आदि।

(7) सामूहिक पूजा स्थान

हो' जनजाति समुदायों में 'सामूहिक पूजा–पाठ' में भी मन्त्र आदि अपनी 'हो' भाषा' में सम्पन्न करने का रिवाज है। 'सामूहिक पूजा–पाठ' सम्पन्न करने के लिए भी एक सुरक्षित एवं पवित्र 'पूजा स्थान' निम्न प्रकार के होते हैं। जैसे (जेमोन):–
(1) ग्राम गइँश्री स्थान (हातु गइँषिरि टयेड्),
(2) जाहेर थान (देषाउलि अण्डो: जयेरा टयेड्),
(3) गोट पूजा स्थान (गोहोट वोङा टयेड्),
(4) बड़ाम हण्डोर एड़: टयेड्,
(5) मंत्र पाठशाला स्थान (मोनतोर अकाड़ा टयेड्),
(6) नाच–गान अखाड़ा (षुसुन अकाड़ा टयेड्),
(7) आषाढ़ी पूजा स्थान (अषाड़िया् वोङा टयेड्),
(8) जन्ताल पूजा स्थान (जनताड़ा वोङा टयेड्),
(9) हर जानटा वोंगा टयेड्,
(10) असगुन पूजा स्थान (एरे वोङा टयेड्),

(11) वनभोज स्थान (बोड़ोबुळ्जि टयेड्),
(12) मेला स्थान (चाता पोरोब् टयेड्),
(13) करमा पूजा स्थान (कारम वोङा टयेड्),
(14) शैतान की बिदाई (बगिया् हण्डोर एड़्: टयेड्)
(15) खेल का मैंदान (इनुङ ताण्डि)।

इस प्रकार से हो' समुदाय में 'व्यÃगत पूजा स्थान' एवं 'सामूहिक पूजा स्थान' दो प्रकार के पवित्र पूजा स्थान होते हैं। मान्यता के अनुसार इसे हटाना या विस्थापन करना गुनाह समझा जाता है। क्योंकि, इन स्थानों को पूर्वजों द्वारा पीढ़ी–दर–पीढ़ी सुरक्षित रूप से रखा गया है। और हो' समुदाय की मान्यता के अनुसार इन सारे सुरक्षित स्थानों को संरक्षण दिया जाता है। इन स्थानों में पूर्वजों द्वारा 'व्यÃगत पूजा स्थान' में अपने एवं अपने परिवार के हित एवं कल्याण के लिए पूजा–पाठ होती है। और 'सामूहिक पूजा स्थान' में ग्राम देहरी के द्वारा अपने एवं अपने ग्रामवासियों के हित एवं कल्याण के लिए पूजा–पाठ होती है। पीढ़ देहरी के द्वारा अपने एवं अपने पीढ़वासियों के हित एवं कल्याण के लिए पूजा–पाठ होती है। इलाका देहरी के द्वारा अपने एवं अपने इलाका़वासियों के हित एवं कल्याण के लिए पूजा–पाठ करने का पवित्र रिवाज है।

(8) पवित्र वंशज पूजा स्थान (अदिङ)

हो' जनजाति समुदाय में 'अदिङ' एक परिवार का पहला सर्वोच्च पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'बंशज इष्ट पूजा स्थान' होता है। हो' समुदाय के सभी विवाहित घरों में 'अदिङ' व्यÃगत पूजा–पाठ के लिए 'इष्ट पूजा स्थान' होता है। घर के अन्दर सुरक्षित 'अदिङ' एक पवित्र एवं सुरक्षित पूजा स्थान होते हैं। इस 'अदिङ' स्थान में सिंदूर, होलोङ, षासं, आरवा चावल एवं धूना या धूप, अगर बŸाी आदि का प्रयोग नहीं होता है। यह 'अदिङ' प्रत्येक हो' आदिवासी जनजाति के घर में पाये जाते है। 'अदिङ' में पुराने जमाने से आस्था और विश्वास के साथ पूजा–पाठ आदि सम्पन्न किया जाता है। इस स्थान में अपने समाज के दूसरे गोत्रों को भी प्रवेश करना वर्जनीय है। क्योंकि, इस स्थान में अपने आदि गोत्र के पूर्वज मृत आत्माओं तथा श्रृष्टि देवी–देवताओं का निवास स्थान माना जाता है। इस स्थान में अन्य गोत्रों के प्रवेश करने पर 'अदिङ' को प्रायश्चित करना अनिवार्य माना जाता है। और वह भी एक 'लाल मुर्गी' (मुर्गा नहीं) को 'जभ्हे' (हड् करसा) कर ही प्रायश्चित करना अनिवार्य माना जाता है।

नये घर के बनने के तुरन्त बाद 'गृह प्रवेश' (ओव्: अणादि) के समय एक लाल मुर्गी (मुर्गा नहीं) को 'जभ्हे' (हड् करसा) कर बलि चढ़ाया जाता है। और वह भी अदिङ में लाल मुर्गी का ही 'जभ्हे' (हड् करसा) करने का रिवाज है। नये घर के नया 'अदिङ' में इस दिन कुम्हार का नया 'भात हण्डी' में भात पकाने का पवित्र रिवाज होता है। इस 'अदिङ' स्थान में 'उष्णा चावल' (तिकि चउलि) का ही प्रयोग होता है। 'अदिङ' स्थान में दो 'सियाली पŸाों' (रुउङ साकम) को बिछाया जाता है। एक 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में 4 जगह 'उष्णा चावल' (तिकि चउलि) को अर्पण कर सजाया जाता है। उसी तरह से दूसरे 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में भी 4 जगह 'उष्णा चावल' (तिकि चउलि) को अर्पण कर सजाया जाता है। पहला एक सादा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में चार जगह जीवित पउँड़ि (जिइड् पउइँ) देवी एवं देवताओं के लिए भोग चढ़ाने का रिवाज है। इन चार जीवित पउँड़ि (जिइड् पउइँ) के नाम इस प्रकार हैं। जैसे (जेमोन):–
(1) राँगा पाट,
(2) चोनदोन पाट,
(3) आ':् वोंगा एवं बिर वोंगा तथा
(4) षुक्न जतारा के लिए भोग चढ़ाया जाता है।

हो' समुदाय के मतानुसार, प्रत्येक पर्व–त्योहारों में इन पाँच प्रकार के जीवित पउँड़ि (जिइड् पउइँ) देवी–देवताओं को पवित्र अदिङ में चार जगह भोग चढ़ाने का पवित्र रिवाज होता है। दूसरा एक सादा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में चार जगह 'वंशज देवी–देवताओं' के लिए भोग चढ़ाने का रिवाज होता है। इन चार 'वंशज देवी–देवताओं' के नाम इस प्रकार हैं। जैसे (जेमोन):–
(1) दुपुब् दिषुम मरं वोंगा,
(2) चनल्: दिषुम मरं वोंगा,
(3) दुपुब् दिषुम हा'म हो'को तथा

(4) दुपुब् दिषुम दुउम हो'को एवं चनल्: दिषुम दुउम हो'को के लिए भोग चढ़ाने का पवित्र रिवाज हुआ।

इस नया 'अदिङ' में पहला 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) के 'उष्णा चावल' (तिकि चउलि) में 'लाल मुर्गी' को चुभाया (अतिङ) जाता है। फिर दूसरा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) के 'उष्णा चावल' (तिकि चउलि) में 'लाल मुर्गी' को चुभाया (अतिङ) जाता है। इन दोनों 'सियाली पŸाों' (रुउङ साकम) के 'उष्णा चावल' (तिकि चउलि) में 'लाल मुर्गी' को चुभाने (अतिङ) के बाद 'जभ्हे' (हड् करसा) कर बलि चढ़ाया जाता है। लोटा के पानी में 'जभ्हे' (हड् करसा) वाला लाल मुर्गी का खून को मिलाया जाता है। इस खून से सारे घर के कमरों को प्रायश्चित किया जाता है। प्रायश्चित करने का अर्थ होता है, इष्ट पवित्र पूजा स्थान, रसोई घर या पाकशाला (अदिङ), धान रखने का कमरा (तन्तरा ओव:), शयन कक्ष (मेला ओव:), गोहाल (गोवाँ), गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि), कब्रस्थान (उकु षासन) एवं श्मशान (माणा उरुब् टयेड्), खलिहान (कोलोम), इष्ट वंशज देवस्थल (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा टयेड्), जल देवी स्थान (नगे सुउँड्) आदि।

इस 'अदिङ' स्थान में वार्षिक पाँच प्रकार के पर्व–त्योहारों में पूजा–पाठ किया जाता है। हो' जनजातियों में मुख्य पाँच प्रकार के पर्व–त्योहार होते हैं। इन पाँच प्रकार के त्योहारों के उपलक्ष में प्रसादी के रूप में भात–दाल एवं हाँड़िया का भोग चढ़ाया जाता है। हो' जनजातियों में मुख्य पाँच पर्व–त्योहारों के नाम इस प्रकार हैं। जैसेः–

(1) माँगे पोरोब्,
(2) बहा पोरोब्,
(3) हेरो: पोरोब्,
(4) बड्ताउलि पोरोब् एवं
(5) जोमनमा पोरोब् आदि।

हो' जनजाति समुदायों में प्रकृति के अनुकूल इन पाँचों पर्व–त्योहारों में अलग–अलग पŸाों में अलग–अलग भोग चढ़ाने का पवित्र रिवाज हुआ। उसी प्रकार से इन पाँचों पर्व–त्योहारों में भी अलग–अलग गोटा दाल का भोग चढ़ाने का रिवाज हुआ। हो' समुदाय में 'अदिङ' में पूजा–पाठ वाला शब्जी में हल्दी, मशाला, नमक, तैल आदि मिलाना वर्जनीय है। क्योंकि, हो' समुदाय के अनुसार आदि काल में 'मुनु हड़ाम, मुनि बुड़ि' या 'लुकु हड़ाम, लुकुमि बुड़ि' या 'टोटा हड़ाम, टोटा बुड़ि' या 'पिलचु हड़ाम, पिलचु बुड़ि' के समय हल्दी, मशाला, नमक, तैल आदि का प्रचलन नहीं था।

इसके अलावा अपने घर में 'जन्म छूत' (जोनोम बिषि:) होने पर 'अदिङ' को प्रायश्चित करना अनिवार्य होता है। 'अदिङ' के पुराने भात हण्डी को बाहर निकाल कर फेंकने का पवित्र रिवाज है। और जिस दिन जन्म छूत (जोनोम बिषि:) को प्रायश्चित किया जाता है, उसी दिन फिर कुम्हार का एक दूसरा 'नया हण्डी' को चढ़ाया जाता है। हो' समुदाय के मतानुसार जन्म छूत को तीन बार में पूर्ण प्रायश्चित माना जाता है। जैसेः–

(क) 'नया शिशु का जन्म के तुरन्त बाद एवं नाभी झड़ने से पहले पिता के लिए' (नियर एड़:) होता है,
(ख) 'नया शिशु का नाभी झड़ने के बाद नवजात शिशु के लिए' (नोरता एड़:) होता है,
(ग) 'नया शिशु की माता के लिए' छटियारी (तिकि एड़: या एकषिया्) आदि प्रायश्चित करने का पवित्र प्रचलन है।

इस प्रकार से हो' समाज में पूर्ण प्रायश्चित करने के लिए कुल एक माह का समय लगता है। उदाहरण स्वरूपः–

(अ) अपने घर में नया शिशु के 'जन्म' लेने पर 'अदिङ' को छूत माना जाता है। इसलिए, 'अदिङ' के पुराना 'भात हण्डी' को बाहर निकाल दिया जाता है। हो' समुदाय के अनुसार उस 'जन्म छूत' को 'एकषिया्' में ही 'प्रायश्चित' (जते परचि) किया जाता है। उसी दिन उस 'अदिङ' में माँ के द्वारा नया शिशु को गोदी करके गृह प्रवेश (कोयोङ अदेर) करने का पवित्र रिवाज है। और उसी दिन फिर कुम्हार का दूसरा 'नया भात हण्डी' को चढ़ाया जाता है। 'अदिङ' के पूर्वज आत्माओं को नये जन्म लेने वाला शिशु से परिचित कराया जाता है। उस दिन भी 'अदिङ' में एक लाल मुर्गी को 'जभ्हे' (हड् करसा) कर बलि चढ़ाया जाता है। और उस 'अदिङ' में 'मुर्गी का कलेजा एवं माँस–पेशियों' के साथ भात का भोग चढ़ाया जाता है। पूजनीय पेय के रूप में 'हाँड़िया' (डिया्ङ) को भी 'अदिङ' में भोग के रूप में चढ़ाया जाता है।

इसके अलावा किसी 'शादी–विवाह छूत' (अणादि बिषि:) में भी 'अदिङ' के पुराने भात हण्डी को बाहर निकाल कर फेंकने का पवित्र रिवाज है। जिस दिन 'विवाह छूत (अणादि बिषि:) को प्रायश्चित किया जाता है, उसी दिन फिर कुम्हार का एक दूसरा नया 'भात हण्डी' को चढ़ाया जाता है। हो' समुदाय के मतानुसार 'शादी–विवाह छूत' को भी दो बार में पूर्ण प्रायश्चित माना जाता है। जैसे (जेमोन):–

(क) 'बहू भात' (जोम इसिङ) के दिन,

(ख) 'इष्ट प्रसादी ग्रहण' (जोम सुट्म) के दिन।

'सारना धर्म संस्कार' (षहारन: दोरोम दोषतुर) के मतानुसार 'बहू भात' (जोम इसिङ) के दिन भी 'अदिङ' के पुराने 'भात हण्डी' को निकाल कर बाहर करने का पवित्र रिवाज है। और उसी दिन फिर कुम्हार का एक दूसरा नया 'भात हण्डी' को चढ़ाया जाता है। जैसे:–

(आ) अपने घर में 'शादी–विवाह' होने पर 'अदिङ' को छूत माना जाता है। इसलिए, 'अदिङ' के पुराना 'भात हण्डी' को बाहर निकाल दिया जाता है। हो' समुदाय के मतानुसार 'नयी वधू' को उसी अदिङ में ही 'कमर में गोदी कर गृह प्रवेश' (हेबे अदेर) करने का पवित्र रिवाज है। और 'बहू भात' (जोम इसिङ) के दिन फिर कुम्हार का दूसरा नया 'भात हण्डी' को चढ़ाया जाता है। उस दिन भी 'अदिङ' में एक लाल मुर्गी (षुक्य कटुलि) को 'जभ्हे' कर बलि चढ़ाया जाता है। और उस मुर्गी के खून से सारे घर को प्रायश्चित किया जाता है। उस 'अदिङ' में 'मुर्गी का कलेजा एवं माँस–पेशियों' के साथ भात का भोग चढ़ाया जाता है। पूजनीय पेय 'हाँड़िया' को भी भोग के रूप में चढ़ाया जाता है।

'मृत छूत' (गोनोए बिषि:) होने पर भी 'अदिङ' के पुराने 'भात हण्डी' को बाहर निकाल देने का पवित्र रिवाज है। और जिस दिन मृत छूत (गोनोए बिषि:) को प्रायश्चित किया जाता है, उसी दिन फिर कुम्हार का एक दूसरा नया 'भात हण्डी' को चढ़ाया जाता है। हो' समुदाय के मतानुसार 'मृत छूत' को तीन बार में ही पूर्ण प्रायश्चित माना जाता है। जैसे (जेमोन):–

(क) 'लाश दफनाना' (माणा तोपा) या 'लाश जलाना' (माणा उरुब्),

(ख) 'आत्मा पुकार' (उम्बुल अदेर या रोवाँ केया अदेर),

(ग) श्रा)कर्म (दिरि दुल सुनुम) का प्रचलन है।

नोट:– हो' समुदाय में आस्था एवं विश्वास के मतानुसार 'स्वाभाविक मौत' की लाश को दफनाने का प्रचलन है। और 'अस्वाभाविक मौत' की लाश को जलाने का प्रलन है। अस्वाभाविक मौत की लाश में 'माणा उरुब् सालि' (जंगली नोनी की लकड़ी) का होना अनिवार्य समझा जाता है। हो' समुदाय में 'चन्दन की लकड़ी' का अनिवार्य होना नहीं माना जाता है।

(इ) अपने निज गोत्र के किसी सदस्य के घर में 'मृत्यु' होने पर पुराना 'भात हण्डी' को बाहर निकाल दिया जाता है। हो' समुदाय के अनुसार 'लाश' को अपनी ही जमीन पर यानि अपने ही 'कब्रस्थान' में दफनाने का पवित्र रिवाज है। या फिर 'लाश' को अपनी ही जमीन में 'दाह संस्कार' करने का पवित्र रिवाज है। हो' समुदाय में 'मुखाग्नि' का प्रचलन नहीं होता है। उस 'मृत आत्मा' को उसी अदिङ में ही 'आत्मा पुकार' (रोवाँ केया अदेर) करने का पवित्र रिवाज है। और उसी दिन फिर कुम्हार का दूसरा नया 'भात हण्डी' को चढ़ाया जाता है। उस दिन भी 'अदिङ' में एक लाल मुर्गी को 'जभ्हे' कर बलि चढ़ाया जाता है। उस 'अदिङ' में ही 'मुर्गी का मांस' को पकाया जाता है। और उसे 'अदिङ' में 'मुर्गी का कलेजा एवं माँस–पेशियों' के साथ भात का भोग चढ़ाया जाता है। पूजनीय पेय 'हाँड़िया' को भी 'अदिङ' में भोग के रूप में चढ़ाया जाता है। सभी उपलक्षों में 'हाँड़िया' को दो दोना (मुलि पुउ:) में पेय के रूप में भोग चढ़ाने का रिवाज है। हो' समुदाय में श्रा)कर्म (दिरि दुल सुनुम) नहीं होने से 'शादी–विवाह' रचाना 'अशुभ' माना जाता है। यह कार्य प्रकृति के विपरीत माना गया है, इसलिए असगुन एरे होने का भय बना रहता है।

इस प्रकार से हो' जनजातियों का 'अदिङ' में कुल पाँच बार 'गृह प्रवेश' करने के पवित्र रिवाज होते हैं। जैसे:–

(क) नये घर के बनने के तुरन्त बाद 'गृह प्रवेश' में 'प्रायश्चित प्रवेश' (जते–पनरचि अदेर एवं 'वोङा अदेर) होता है। बिना प्रायश्चित किए नये घर में रसोई आदि बनाना वर्जनीय होता है। इस 'प्रायश्चित प्रवेश' में एक लोटा पानी में हल्दी चूर्ण देकर 7 आम की पŸाी एवं 3 धूब घास से सारे घर को

प्रायश्चित किया जाता है। इस दिन 'अदिङ' में एक लाल मुर्गी की बलि 'जभ्हे' (करसा) चढ़ा कर पूरे घर को प्रायश्चित करना होता है।

(ख) नया शिशु के जन्म के तुरन्त बाद बच्चा के पिता को 'नियर् एड़:' करना होता है। नया शिशु के जन्म के नवाँ दिन में बच्चा को 'नोरता एड़:' करना अनिवार्य होता है। नोरता के एक्कीसवाँ दिन तक में बच्चा को माँ के द्वारा 'गोदी कर गृह प्रवेश' (कोयोङ अदेर' एवं 'वोङा अदेर) होता है। इस 'गोदी कर गृह प्रवेश' (कोयोङ अदेर' एवं 'वोङा अदेर) में एक लोटा पानी में हल्दी चूर्ण देकर 5 आम की पŸाी एवं 3 धूब घास से सारे घर को प्रायश्चित किया जाता है। इस दिन 'अदिङ' में एक लाल मुर्गी की बलि 'जभ्हे' (करसा) चढ़ा कर पूरे घर को प्रायश्चित करना होता है।

(ग) शादी–विवाह के बाद नयी बहू का 'कमर में गोदी कर गृह प्रवेश (हेबे अदेर एवं वोङा अदेर) होता है। इस 'कमर में गोदी कर गृह प्रवेश' (कोयोङ अदेर एवं वोङा अदेर) में एक लोटा पानी में हल्दी चूर्ण देकर 7 आम की पŸाी एवं 3 धूब घास से सारे घर को प्रायश्चित किया जाता है। इस दिन पवित्र 'अदिङ' में एक लाल मुर्गी की बलि 'जभ्हे' (करसा) चढ़ा कर पूरे घर को प्रायश्चित करना होता है।

(घ) मृत्यु के बाद 'आत्मा पुकार कर गृह प्रवेश (रोवाँ केया अदेर एवं वोङा अदेर) करना पवित्र माना जाता है। इस 'आत्मा पुकार कर गृह प्रवेश (रोवाँ केया अदेर एवं वोङा अदेर) में एक लोटा पानी में हल्दी चूर्ण देकर 9 आम की पŸाी एवं 3 धूब घास से सारे घर को प्रायश्चित किया जाता है। इस दिन 'अदिङ' में एक लाल मुर्गी की बलि 'जभ्हे' (करसा) चढ़ा कर पूरे घर को प्रायश्चित करना होता है।

(ङ) हो' समुदाय में किसी व्यfक्त के श्रा)कर्म (दिरि दुल सुनुम) को भी 'मृत छूत' माना जाता है। इसलिए, श्रा)कर्म (दिरि दुल सुनुम) के बाद घर को प्रायश्चित करना अनिवार्य होता है। एक लोटा पानी में हल्दी चूर्ण देकर 9 आम की पŸाी एवं 3 धूब घास से सारे घर को प्रायश्चित किया जाता है। इस दिन 'अदिङ' में एक लाल मुर्गी की बलि 'जभ्हे' (हड् करसा) चढ़ा कर पूरे घर एवं पूजा स्थान को प्रायश्चित करना अनिवार्य एवं पवित्र माना जाता है।

(च) इसके अलावा हो' जनजाति समुदाय का अन्य समुदाय के साथ 'शादी–विवाह' (अन्तर्विवाह) रचाने पर इसे 'अशिष्ट छूत' (बिट्ल बिषि:) माना जाता है। हो' समुदाय में 'अशिष्ट छूत' (बिट्ल बिषि:) होने पर इसके बाद 'अशिष्ट प्रायश्चित' (बिट्ल जते–पनरचि) यानि 'बोड़ोबोंजि जते–पनरचि' एवं 'वोङा अदेर' का ि∅याकर्म करना अनिवार्य माना जाता है। इस प्रायश्चित में एक लोटा पानी में हल्दी चूर्ण देकर 9 आम की पŸाी, 3 धूब घास एवं तुलसी डाली से सारे घर को प्रायश्चित करना पवित्र समझा जाता है। इस दिन 'अदिङ' में एक लाल मुर्गी की बलि 'जभ्हे' (हड् करसा) चढ़ा कर पूरे घर को प्रायश्चित करना अनिवार्य होता है। प्रायश्चित का अर्थ होता है, रसोई या पाकशाला (अदिङ), धान रखने का कमरा (तन्तरा ओव:), शयन कक्ष (मेला ओव:), गोहाल (गोवाँ), कब्रस्थान (उकु षासन), खलिहान (कोलोम), इष्ट वंशदेव स्थान (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा टयेड्) आदि जगहों को भी प्रायश्चित करना अनिवार्य माना जाता है।

नोट:– चूँकि, हो' समुदाय में 'स्वर्ग–नरक', 'पाप–पुण्य', 'मूŸार्ि पूजा' एवं 'तीर्थ स्थान' पर आस्था एवं विश्वास नहीं रखते हैं। हो' समुदाय के पूजा–पाठ में ब्राह्मण, धोबा, भंडारी आदि के स्थान नहीं होते हैं। हो' समुदाय के पूजा–पाठ में 'हो' देहरी' (हो' दियुरि), हो' ब्राह्मण (एण), हो' पण्डित (हो' पाण्डाइत) एवं हो' ओझा (हो देयोवाँ) होते हैं।

(9) धान रखने का स्थान (तनतरा)

हो' जनजाति समुदाय में 'तनतरा' एक परिवार का दूसरा सर्वोच्च पवित्र एवं महŸवपूर्ण लक्ष्मी पूजा स्थान (बाबा एंगा) होता है। हो' समुदाय के सभी विवाहित घरों में 'तनतरा' व्यfक्तगत पूजा–पाठ के लिए 'इष्ट पूजा स्थान' होता है। इस तनतरा के कोठरी में किसी अन्य व्यक्तियों को प्रवेश नहीं करने दिया जाता है। इस तनतरा घर की कोठरी में 'मांस, मछली एवं अण्डा' खाकर प्रवेश करना मना है। इस तनतरा घर की कोठरी में 'दारु एवं शराब' पीकर प्रवेश करना भी मना है। क्योंकि, इस स्थान को 'माँ लक्ष्मी' (बाबा एंगा, लुकुमि) का निवास–स्थान माना जाता है। तनतरा के ऊपर ही धान आदि के पूड़ा (बाँदि) को रखा जाता है।

धान सिझाई के लिए धान निकालने के पहले इस तनतरा में 'साल का धूना जलाकर' निकाला जाता है। इस कोठरी में केवल पवित्र व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं। जन्म छूत, मरण छूत एवं मासिक छूत में धान निकालना आदि मना है। इस घर की कोठरी को पवित्र कोठरी माना जाता है।

हो' समुदाय के मतानुसार, साँप का सपना देखने से 'देशाउलि' का दर्शन होना समझा जाता है। हाथी का सपना देखने से 'बाबा एंगा' (माँ लक्ष्मी) का दर्शन होना समझा जाता है। शेर, बाघ या शिकार करने का सपना देखने से 'जयेरा' का दर्शन होना समझा जाता है। पानी में तैरना, मगरमच्छ देखना या नाव पर चढ़ना 'नगे एरा' (जल देवी) का दर्शन होना समझा जाता है। इस दिन तनतरा में साल का धूना जलाना पवित्र माना जाता है।

(10) पवित्र आँगन (राचा)

हो' जनजाति समुदाय में 'राचा' (आँगन) एक परिवार का तीसरा सर्वोच्च पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'गुरु वोंगा' (गुरू देव) स्थान होता है। हो' समुदाय के सभी विवाहित घरों में 'राचा' (आँगन) व्यãगत पूजा–पाठ के लिए 'इष्ट पूजा स्थान' होता है। इस 'राचा' (आँगन) में किसी अन्य व्यक्तियों को प्रवेश नहीं करने दिया जाता है। इसलिए, हो' समुदाय के घर के चारों ओर से घेरा (बाकइ) किया जाता है। जंगली झाँटी से बाकइ किया जाता है। या मिट्टी की दीवाल से घेरा बनाया जाता है। इस 'राचा' (आँगन) में 'मरा हुआ मांस' या अखाद्य मांस खाकर प्रवेश करना मना है। किसी अतिथि के आने पर पहला चरण में खटिया में बैठाना अनिवार्य माना जाता है। इसलिए, ही अपने आंगन में किसी व्यक्ति या अतिथि के आने पर 'लोटा पानी' देने का पवित्र रिवाज है। उसके बाद ही कोई पानी या हाँड़िया पीने के लिए देने का पवित्र रिवाज होता है।

चूँकि, हो' समुदाय के गाँव में किसी प्रकार के होटल आदि नहीं होते हैं। इसलिए, अतिथि के आने से हाँड़िया पीने एवं पिलाने का प्रचलन हुआ।

(11) नगे एरा बिषि् टयेड् (कुण्डा्म)

हो' जनजाति समुदाय में पिछवाड़ा (कुण्डा्म) एक परिवार का चौथा महŸवपूर्ण स्थान होता है। घर के कोई नया शिशु के जन्म होने से 'जन्म छूत' माना जाता है। जब तक छूत खत्म नहीं होता है, तब तक 'राचा' (पवित्र आँगन), 'अदिङ' (पवित्र इष्ट पूजा स्थान), 'तनतरा' (पवित्र धान रखने के स्थान), 'गोवाँ' (पवित्र गोहाल), 'दुबि' (पवित्र गोबर गड्ढा), 'षासन' (कब्रस्थान), 'कोलोम' (पवित्र खलिहान), 'मरं वोंगा टयेड्' (पवित्र इष्ट कूलदेव या वंशदेव स्थान), 'नगे एरा टयेड्' (जलदेवी स्थान) आदि जगह आना–जाना मना है। नया शिशु के जन्म होने के तुरन्त बाद शिशु के पिता को 'हल्दी' अर्पण कर तालाब या नदी के पानी में 'नियर एड़:' करना अनिवार्य माना जाता है। पिछवाड़े (कुण्डा्म) में एक 'अपवित्र' परन्तु अति सुरक्षित स्थान माना जाता है। नवजात शिशु के जन्म लेने पर इस पिछवाड़े (कुण्डा्म) में ही 'नाभी नाल के फूल' को दफनाने का प्रचलन है। और वहाँ पर एक महुआ के पेड़ की डाली को गाड़ने का रिवाज भी होता है। महुआ के पेड़ की डाली गाड़ा हुआ देख कर अन्य लोग भी जान जाते हैं, कि यहाँ पर कोई 'जन्म छूत' होगा। Åधर आना–जाना छूत समझा जाता है। वहाँ कोई भी व्यãि नहीं आते–जाते हैं। पेड़ों की डाली में भी 'महुआ की डाली' को ही शुभ एवं सर्वोŸाम माना जाता है। क्योंकि, महुआ को खाते हैं, एवं फूल सहित फलदार और खीरदार (दूधभरा) होता है। नवजात शिशु के 'नाभी नाल के फूल' को अन्यत्र किसी असुरक्षित जगह दफनाने या कहीं फेंकने का प्रचलन नहीं है। क्योंकि, नाभी के काटने के बाद कटा शेष के झड़ने से इसे भी 'नाभी नाल के फूल' के साथ ही दफनाया जाने का प्रचलन है। हो' समुदाय के मतानुसार 'नाभी नाल के फूल' को किसी असुरक्षित जगह में फेंकना या दफनाना मना है। 'नाभी नाल के फूल' को किसी असुरक्षित जगह में फेंकने या दफनाने से कुŸाा, सियार या बिल्ली आदि के खाने से 'शिशु' बच्चा के लिए खतरा होने का डर बना रहता है। क्योंकि, हो' समुदाय में हमेशा किसी जंगल या पहाड़, नाले आदि आते–जाते रहते हैं। इससे कभी भी उस शिशु बच्चे को जंगली जानवरों का शिकार होना माना जाता है।

(12) गोहाल पूजा स्थान (गोवाँ वोङा टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'गोहाल' (गोवाँ) एक परिवार का पाचवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'गोवाँ वोंगा का इष्ट पूजा स्थान' होता है। हो' समुदाय के सभी घरों में गोहाल (गोवाँ) व्यfäगत पूजा–पाठ के लिए होता है। घर के दूसरे कमरे गोहाल (गोवाँ) में यह एक पवित्र एवं सुरक्षित पूजा स्थान होता है। यह स्थान प्रत्येक आदिवासी हो' जनजाति के घर में पाये जाते है। एक परिवार में जितने भी विवाहित व्यfä होते हैं, सबका अलग–अलग गोहाल होता है। मतलब होता है, एक बाप के अगर सात भाईयों में अलग होने से सबका गोहाल सात जगह अलग होते हैं। गोहाल (गोवाँ) में पुराने जमाने से आस्था और विश्वास के साथ 'गोवर्धन पूजा' (गोवाँ वोंगा) सम्पन्न करते आ रहे हैं। इस गोहाल पूजा (गोवाँ वोंगा) में तीन मुर्गा–मुर्गियों की बलि चढ़ाने का रिवाज माना जाता है। गोहाल में प्रत्येक वर्ष एक बार ही पूजा होती है। आरवा चावल की घुण्डी से पाँच खण्ड बनाया जाता है। इस पाँचों खण्ड (कोओंड) में उष्णा चावल (तिकि चउलि) का प्रसाद अर्पण किया जाता है। और उसमें लाल मुर्गा को चुभा कर बलि (हड् करसा) करने का रिवाज है। जैसे (जेमोन):–

(क) एक लाल मुर्गा को 'माङ बुरु' एवं 'देषाउलि' के लिए उष्णा चावल में चुभाकर 'जभ्हे' (करसा) करने का पवित्र रिवाज होता है।

(ख) फिर उसके Åपर आरवा चावल का प्रसाद अर्पण किया जाता है। एक उजला या सफेद मुर्गा को श्रृष्टिकŸाा भगवान (षिळ्ह्बोंगा) के लिए आरवा चावल में चुभा कर 'बलि' (हड् बण्डि:) चढ़ाने का रिवाज है। उसी प्रकार से हो' समुदाय में 'बलि' दो प्रकार से दिया जाता है। अर्थ होता है, एक 'बलि' (हड् करसा) होता है, तो दूसरा भी 'बलि' (हड् बण्डि:) करने का रिवाज पवित्र माना जाता है। ये दोनों अलग–अलग प्रकार से बलि देने का रिवाज होते हैं।

(ग) वन देव (बगिया) के लिए हल्दी की घुण्डी से एक खण्ड बनाया जाता है। और उसमें आरवा चावल का प्रसाद अर्पण किया जाता है। एक काली मुर्गी को वन देव (बगिया) के लिए आरवा चावल में चुभाकर 'बलि' (हड् बण्डि:) चढ़ाने का रिवाज है।

इस गोहाल (गोवाँ) में अपने समुदाय के दूसरे लोगों को भी प्रवेश करना वर्जनीय माना जाता है। क्योंकि, इस स्थान में अपने आदि गउ महरा 'गोवाँ वोंगा' का पवित्र निवास स्थान माना जाता है। इस गोहाल (गोवाँ) में अन्य लोगों के प्रवेश करने पर गोहाल (गोवाँ) को प्रायश्चित करना अनिवार्य माना जाता है। और वह भी 'हल्दी पानी' का झींटा मार कर ही प्रायश्चित करना शुभ माना जाता है। इस गोहाल में अन्य दूसरे समुदाय के लोगों के प्रवेश करने पर एक 'लाल मुर्गा' की 'बलि' (हड् करसा) चढ़ा कर प्रायश्चित करना अनिवार्य माना जाता है। इस गोहाल (गोवाँ) में वर्ष में एक बार मगे पर्व के एक दिन पहले पूजा–पाठ किया जाता है। हो' समुदाय के अनुसार गोवाँ वोंगा को 'गुरि: लोयो' के दिन मनाने का प्रचलन है। हो' जनजाति समुदाय में मुख्य पाँच प्रकार के ही पर्व–त्योहार होते हैं। इन पाँच प्रकार के त्योहारों के उपलक्ष में 'पवित्र अदिङ' में प्रसादी के रूप में भात–दाल, मांस एवं हाँड़िया का भोग चढ़ाया जाता है। गोहाल पूजा नहीं करने पर जंगल, झाड़ियों में चरते समय गायों के खो जाने, मर जाने या रोग– व्याधि से ग्रस्त होने का डर बना रहता है।

(13) गोबर गड्ढा स्थान (गुरि: दुबि टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'गोबर गड्ढा' (गुरि: दुबि) एक परिवार का छठवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट प्रायश्चित स्थान' माना जाता है। हो' समुदाय के सभी परिवारों में अपना अलग गोबर गड्ढा (गुरि: दुबि) व्यfäगत पूजा–पाठ के बाद प्रायश्चित करने के लिए होता है। घर के पिछवाड़े में यह एक पवित्र एवं सुरक्षित प्रायश्चित करने का स्थान होता है। यह गोबर गड्ढा (गुरि: दुबि) प्रत्येक आदिवासी हो' जनजाति के घर में पाये जाते है। गोबर गड्ढा (गुरि: दुबि) में पुराने जमाने से आस्था और विश्वास के साथ सुरक्षित रखते आ रहे हैं। इस गोबर गड्ढा (गुरि: दुबि) पाँच प्रकार के पर्व–त्योहारों का 'जूठे पŸाों' को विसर्जन किया जाता है। हो' समुदाय के मतानुसार पूजा –पाठ के बाद 'जूठे पŸाों' को किसी तालाब या नदी के पानी में विसर्जन करने का रिवाज नहीं है। गोबर गड्ढा (गुरि: दुबि) में प्रत्येक वर्ष 'बड्ताउलि पोरोब्' में 'षाल या सखुआ की डाली' को गाड़ने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(क) प्रत्येक वर्ष 'मगे पोरोब्' के 'जूठे पŸाों' को इसी गोबर गड्ढा (गुरि: दुबि) में फेंक कर 'विसर्जन' करने का पवित्र रिवाज माना जाता है।

(ख) 'बहा पोरोब्' के 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का पवित्र रिवाज माना जाता है।

(ग) 'हेरो् पोरोब्' के 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(घ) 'बड्ताउलि पोरोब्' के 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(ङ) 'जोमनमा पोरोब्' के 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(च) नये बच्चों के 'जन्म छूत संस्कार' में 'नोरता' के समय 'खान–पान' के बाद 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(छ) नये बच्चों के 'जन्म छूत संस्कार' में 'एकषिया्' के समय 'खान–पान' के बाद 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(ज) किसी के 'विवाह छूत संस्कार' के समय 'खान–पान' के बाद 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(झ) किसी के 'मृत छूत संस्कार' में 'लाश दफन' के समय 'खान–पान' के बाद 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(ञ) किसी के 'मृत छूत संस्कार' में 'आत्मा पुकार' के समय 'खान–पान' के बाद 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(ट) किसी के 'मृत छूत संस्कार' में 'श्रा) कर्म' (दिरि दुल सुनुम) के समय 'खान–पान' के बाद 'जूठे पŸोंं' को भी इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(ठ) हो' समुदाय में इस प्रकार से प्रत्येक 'अशिष्ट छूत संस्कार' के 'जूठे पŸोंं' को भी अपने गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

(ड) हो' समुदाय में इस प्रकार से प्रत्येक 'प्रायश्चित संस्कार' के 'जूठे पŸोंं' को भी अपने गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है।

इस प्रकार से हो' समुदाय में वार्षिक पाँच बार सब 'पर्व–त्योहारों' के 'जूठे पŸोंं' को इसी गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में ही फेंक कर 'विसर्जन' करने का रिवाज पवित्र माना जाता है। अपने ही समाज के किसी भी दूसरे लोगों को 'पर्व–त्योहारों' के 'जूठे पŸोंं' को इस गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में फेंकना या 'विसर्जन' करना वर्जनीय है। क्योंकि, इस स्थान में अपने आदि गउ महरा 'गोवाँ वोंगा' का 'मुख्य स्थान' माना जाता है। इस गोबर गड्ढा (गुरि् दुबि) में अन्य लोगों का अधिकार नहीं है।

(14) स्वाभाविक मत्यु Normal death (सदयय् गोनोए)

(1) हो' समुदाय में बुढ़ापा आने पर मृत्यु होने को स्वाभाविक मृत्यु कहा जाता है। 'स्वाभाविक मृत्यु' की लाश को अपने 'गोत्र के कब्रस्थान' (उकु षासन) में ही 'दफन' (तोपा) करने का पवित्र रिवाज होता है। किसी अन्य गोत्र के कब्रस्थान में दफन करने का रिवाज नहीं है। क्योंकि, अपना और अन्य गोत्र का 'दुपुब् दिषुम मरं वोंगा' अलग होते हैं।

(2) उसकी आत्मा को 'पवित्र अदिङ' में 'आत्मा पुकार कर गृह प्रवेश' (रोवाँ केया अदेर) एवं 'प्रायश्चित पूजा प्रवेश' (वोङा अदेर) करने का पवित्र रिवाज होता है।

(3) अन्त में 'कब्र' (षासन) के Åपर में एक पत्थर की जाँताई कर 'श्रा)कर्म तैल नहान' (दिरि दुल सुनुम) करने का पवित्र रिवाज होता है। हो' समुदाय में इस प्रकार से तीन बार में 'मृत छूत संस्कार' को प्रायश्चित करने का रिवाज है।

(15) कबस्थान (उकु षासन)

हो' जनजाति समुदाय में 'कब्रस्थान' (उकु षासन) एक परिवार का सातवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'दफन स्थान' होता है। हो' समुदाय में प्रत्येक गोत्र (किलि) का अपना अलग–अलग कब्रस्थान होता है। क्योंकि, एक गोत्र के लाश को दूसरे गोत्र के कब्रस्थान में दफनाना वर्जनीय है। क्योंकि, हो' समुदाय में प्रत्येक गोत्र का 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) अलग–अलग होते हैं। उदाहरण के लिए 'देयोगम' एक गोत्र (किलि) होता है। उसी प्रकार से 'बाण्डरा' दूसरा गोत्र (किलि) होता है। 'देयोगम' गोत्र (किलि) के 'कब्रस्थान' में 'बाण्डरा' गोत्र (किलि) के लाश को दफनाना वर्जनीय होता है। क्योंकि, इन दोनों गोत्रों के 'इष्ट गोत्रदेव' (दुपुब दिषुम मरं वोंगा) अलग–अलग होते हैं। 'देयोगम' गोत्र (किलि) के 'कब्रस्थान' में 'बाण्डरा' गोत्र (किलि) के लाश को दफनाने से 'देयोगम' गोत्र (किलि) को 'इष्ट गोत्रदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) दण्ड (दण्डे) करता है। और 'बाण्डरा' गोत्र (किलि) को 'इष्ट गोत्रदेवी' (चनलः दिषुम मरं वोंगा) दण्ड (दण्डे) करती है। अर्थ होता है, जिस गोत्र का लाश होता है, उसे 'इष्ट गोत्रदेवी' (चनलः दिषुम मरं वोंगा) दण्ड (दण्डे) करती है। और जिस गोत्र के 'कब्रस्थान' में दफनाया जाता है, उसे 'इष्ट गोत्रदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) दण्ड (दण्डे) करता है। हो' समुदाय में दो प्रकार के 'कब्रस्थान' (उकु षासन) के प्रचलन होते हैं। जैसेः–

(1) 'स्वाभाविक मृत्यु' का कब्रस्थान और
(2) 'अस्वाभाविक मृत्यु' का कब्रस्थान।

(16) स्वाभाविक मृत्यु का कबस्थान

'कब्रस्थान' (उकु षासन) आदि काल या पुराने जमाने से आस्था और विश्वास के साथ सुरक्षित रखते आ रहे हैं। हो' समुदाय के सभी गोत्रों (किलियों) में अपना अलग 'कब्रस्थान' (उकु षासन) व्यf‌ãगत दफन के लिए होता है। हो' समुदाय में एक गोत्र का 'कब्रस्थान' (उकु षासन) अलग से एक होता है। यानि एक गोत्र के 'कब्रस्थान' (उकु षासन) में दूसरे गोत्रों को दफनाना वर्जनीय होता है। क्योंकि, हो' समुदाय में प्रत्येक गोत्रों एवं प्रत्येक परिवार के 'अदिङ' भी अलग–अलग होते हैं। एक गोत्र के अदिङ में उसी गोत्र के लोग पूजा–पाठ कर सकते हैं। एक गोत्र के अदिङ में दूसरे गोत्र के लोग पूजा–पाठ नहीं कर सकते हैं। उसी प्रकार से एक गोत्र के 'कब्रस्थान' (उकु षासन) में उसी गोत्र के लोगों को ही 'दफनाने' का अधिकार है। एक गोत्र के 'कब्रस्थान' (उकु षासन) में दूसरे गोत्र के लोगों को 'दफनाने' का अधिकार नहीं है। प्रत्येक हो' समुदाय के घर के पिछवाड़े में यह एक पवित्र एवं सुरक्षित स्थान होता है। इसलिए, प्रत्येक आदिवासी हो' जनजाति के हर गोत्रों में 'कब्रस्थान' (उकु षासन) अलग पाये जाते है। उसी प्रकार से हो' समुदाय में 'दाह संस्कार' का नियम भी अलग ही होते हैं। हो' समुदाय में 'मृत्यु' को तीन प्रकार से माना जाता है।

हो' समुदाय में प्रकृति (पुदगा्ल) को ही 'भगवान' (षिळ्ह्बोंगा) माना जाता है। इसलिए, 'मृत्यु' को भी प्रकृति के नियम ही माना जाता है। अतः हो' समुदाय के अनुसार 'मृत्यु' भी तीन प्रकार से होने की मान्यता रखते हैं। जैसे (जेमोन)ः–

(अ) 'स्वाभाविक मृत्यु' या 'प्राकृतिक मृत्यु' या 'साधारण मृत्यु' (सदययः गोनोए) Normal death or Natural death or Incidential death.
(आ) 'अप्राकृतिक मृत्यु' (बगइति यन गोनोए) Abnormal death or In-natural death or Accidential death.
(इ) 'जन्म छूत मृत्यु या मृत छूत मृत्यु' (बिषिः–बिट्ल'न गोनोए) – दूसरे अन्य समुदाय में इस प्रकार की मान्यता नहीं होते है।

(17) अस्वाभाविक मृत्यु एवं जन्म छूत मृत्यु का कबस्थान

(1) 'अस्वाभाविक मृत्यु' की लाश को सबसे पहले 'प्रायश्चित' करना आवश्यक होता है। एक लोटा हल्दी पानी से 9 आम की पŸाी एवं 3 धूब घास से 9 बार झींटा जाता है। इसे ही हो' समुदाय में पवित्र प्रायश्चित समझा जाता है।
(2) 'अस्वाभाविक मृत्यु' की लाश को अपने 'कब्रस्थान के बाहर' (उकु षासन अयते तनगा) में 'दफन' (तोपा) करने का पवित्र रिवाज होता है। क्योंकि, 'अस्वाभाविक मृत्यु' की आत्मा को 'कुआत्मा' के नाम से जाना जाता और माना जाता है।
(3) उसकी आत्मा को 'किसी पत्थर या पेड़ के नीचे' (सिङ सुबा, दिरि सुबा, दारु सुबा) में 'आत्मा प्रतिष्ठा' (रोवाँ केया जपः) एवं 'वोङा बड़' करने का पवित्र रिवाज होता है। क्योंकि,

'अस्वाभाविक मृत्यु' की आत्मा 'सुआत्माओं' को अपवित्र कर सकता है। इस प्रकार से घर में अशांति फैलाने का डर बना रहता है।

(4) अन्त में 'घर प्रतिष्ठा' (ओव: हुउम–तुउम, जते परचि) करने का रिवाज होता है। इसमें 'श्रा)कर्म' (दिरि दुल सुनुम) करने का रिवाज नहीं होता है।

अथवा

'अस्वाभाविक मृत्यु' की लाश को अपने 'कब्रस्थान के बाहर' (उकु षासन अयते तनगा) में ही 'दहन' (उरुब्) करने का पवित्र रिवाज होता है। और उसकी 'अस्थि' (जं) को 'किसी पत्थर या पेड़ के नीचे' (सिळ सुबा्, दिरि सुबा्, दारु सुबा्) में 'दफन' (तोपा) एवं 'बोङा बड्' करने का पवित्र रिवाज होता है।

(5) अन्त में 'घर प्रतिष्ठा' (ओव: हुउम–तुउम, जते परचि) करने का पवित्र रिवाज होता है। इसमें भी स्वाभाविक मौत की तरह 'श्रा)कर्म' (दिरि दुल सुनुम) करने का रिवाज नहीं होता है।

(18) जन्म छूत मृत्यु (बिषि:–बिट्ल'न गोनोए)

(1) 'जन्म छूत मृत्यु' की लाश को सबसे पहले 'प्रायश्चित' करना आवश्यक होता है। एक लोटा हल्दी पानी में 9 आम की पŸाी एवं 3 धूब घास से 9 बार झींटा जाता है। इसे ही हो' समुदाय में जन्म छूत में मृत्यु छूत का पवित्र प्रायश्चित समझा जाता है।

(2) 'जन्म छूत मृत्यु' की लाश को अपने 'कब्रस्थान के बाहर' (उकु षासन अयते तनगा) में 'दफन' (तोपा) करने का पवित्र रिवाज होता है। कब्र में लाश के साथ एक 'काली मुर्गी का चूज्जा' को भी दफना दिये जाने का पवित्र प्रचलन होता है।

(3) उसकी आत्मा को भी 'किसी पत्थर या पेड़ के नीचे' (सिङ सुबा्, दिरि सुबा्, दारु सुबा्) में ही 'आत्मा प्रतिष्ठा' (रोवाँ केया जप:) एवं 'वोङा बड्' करने का पवित्र रिवाज होता है।

(4) अन्त में 'घर प्रतिष्ठा' (ओव: हुउम–तुउम, जते परचि) करने का पवित्र रिवाज होता है। इसमें 'श्रा)कर्म' (दिरि दुल सुनुम) करने का रिवाज नहीं होता है।

अथवा

'जन्म छूत मृत्यु' की लाश को अपने 'कब्रस्थान के बाहर' (उकु षासन अयते तनगा) में 'दहन' (उरुब्) करने का पवित्र रिवाज होता है। 'श्मशान' में लाश के साथ एक 'काली मुर्गी का चूज्जा' को भी 'जला' दिये जाने का पवित्र प्रचलन होता है।

(5) उसकी 'अस्थि' (जं) को 'किसी पत्थर या पेड़ के नीचे' (सिङ सुबा्, दिरि सुबा्, दारु सुबा्) में 'दफन' (तोपा) एवं 'बोङा बड्' करने का रिवाज होता है।

(6) अन्त में 'घर प्रतिष्ठा' (ओव: हुउम–तुउम, जते परचि) करने का रिवाज होता है। इसमें भी 'श्रा)कर्म' (दिरि दुल सुनुम) करने का रिवाज नहीं होता है।

इस प्रकार से खासकर हो' समुदाय में 'कब्रस्थान' दो प्रकार के होते हैं। एक 'स्वाभाविक मृत्यु' का 'कब्र– स्थान' एवं दूसरा 'अस्वाभाविक मृत्यु' संग 'जन्म छूत मृत्यु' का 'कब्रस्थान'। हो' समुदाय में 'स्वाभाविक मृत्यु' की लाश को 'अस्वाभाविक मृत्यु' के 'कब्रस्थान' में दफनाने का रिवाज नहीं होता है। उसी प्रकार से 'अस्वाभाविक मृत्यु' की लाश को भी 'स्वाभाविक मृत्यु' के 'कब्रस्थान' में दफनाने का रिवाज नहीं होता है।

(19) खलिहान पूजा स्थान (कोलोम वोङा टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'खलिहान' (कोलोम) एक परिवार का आठवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट लक्ष्मी पूजा स्थान' होता है। 'खलिहान' (कोलोम) आदि काल या पुराने जमाने से आस्था और विश्वास के साथ सुरक्षित रखते आ रहे हैं। हो' समुदाय के सभी परिवारों (हगेयां) में अपना अलग 'खलिहान' (कोलोम) व्यäगत 'धान झड़ाई' के लिए होता है। हो' समुदाय में एक गोत्र का 'खलिहान' (कोलोम) एक हो सकता है। परन्तु, अलग परिवार (हगेया) होने से 'खलिहान' (कोलोम) भी अलग हो जाता है। यानि एक गोत्र के 'खलिहान' (कोलोम) में दूसरे गोत्रों

को 'धान झड़ाई' करना वर्जनीय होता है। क्योंकि, हो' समुदाय में प्रत्येक गोत्रों एवं प्रत्येक परिवार के 'अदिङ' भी अलग–अलग होते हैं। एक गोत्र के अदिङ में उसी गोत्र के लोग ही पूजा–पाठ कर सकते हैं। लेकिन, एक गोत्र के अदिङ में दूसरे गोत्र के लोग पूजा–पाठ नहीं कर सकते हैं। उसी प्रकार से एक गोत्र के 'खलिहान' (कोलोम) में उसी गोत्र के लोगों को ही 'धान झड़ाइ करने' का अधिकार है। एक गोत्र के 'खलिहान' (कोलोम) में दूसरे गोत्र के लोगों को 'धान झड़ाई करने' का अधिकार नहीं है। प्रत्येक हो' समुदाय के घर के बगल में यह एक पवित्र एवं सुरक्षित स्थान होता है। इसलिए, प्रत्येक आदिवासी हो' जनजाति के हर गोत्रों में 'खलिहान' (कोलोम) अलग–अलग पाये जाते है।

हो' समुदाय के प्रत्येक परिवार के 'खलिहान' (कोलोम) में दो बार पूजा–पाठ करने का पवित्र रिवाज होता है। पहली बार 'खलिहान' (कोलोम) में इष्ट देवी–देवताओं को प्रायश्चित आह्वान (कोलोम जते–पनरचि) किये जाने का प्रचलन है। और प्रतिदिन सुबह 'खलिहान' (कोलोम) में 'सोम रस' (अदोवा राषि द:अ) अर्पित किया जाता है। 'सोम रस' (अदोवा राषि द:अ) अर्पित करने के बाद ही 'खलिहान' (कोलोम) में कोई काम शुरु किया जाता है। जब तक धान की झड़ाई खत्म न हो जाये तब तक 'खलिहान' (कोलोम) में 'सोम रस' (अदोवा राषि द:अ) अर्पित किया जाता है। अन्त में फसल की झड़ाई खत्म होने पर 'खलिहान विसर्जन' (कोलोम उटा्णि) करने का पवित्र रिवाज होता है। इस 'खलिहान' (कोलोम) पूजा में तीन 'मुर्गा–मुर्गियों' की बलि चढ़ाया जाता है। इस 'खलिहान' (कोलोम) में 'माँ लक्ष्मी' (बाबा एंगा लुकुमि) की पूजा होती है। इस पूजा में पुजारी, पण्डित का स्थान नहीं होता है। साथ में पहाड़, पर्वत, नदी, नाला, तालाब, पोखरे, झील आदि के 'पउँड़ि' (पउइँ), वन देव (बगिया्) एवं देवी–देवताओं की बिदाई पूजा होती है। इस प्रकार से हो' समुदाय में 'खलिहान' (कोलोम) को 'लक्ष्मी मन्दिर' की तरह पवित्र माना जाता है। हो' समुदाय के किसी परिवार के कोई छूत जैसेः– जन्म छूत, मृत छूत होने पर 'खलिहान' (कोलोम) में प्रवेश करना वर्जनीय माना जाता है। और जन्म में जिसके सिर में 'दो चोटी' वालों को, 'षे्ता दाटा' वालों को, 'अमावस्या' के दिन जन्म लेने वालों को, जिसके जन्म में 'नाभी' से लपेटा हुआ होने से, पैर के बल जन्म लेने वालों को खलिहान के अन्दर जाना मना है। किसी औरत के मासिक दौरान, किसी बच्चे के जन्म छूत होने पर, किसी के घर में मृत छूत होने पर बिना प्रायश्चित हुए 'खलिहान' (कोलोम) के अन्दर जाना वर्जनीय माना जाता है।

(20) वंशज महादेव पूजा स्थान (मरं वोंगा टयेङ)

हो' जनजाति समुदाय में 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) एक परिवार का नवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट वंशज पूजा स्थान' होता है। आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ एक 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) स्थान को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। हो' समुदाय के सभी गोत्रों (किलियों) में अपना अलग 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) स्थान व्यäिगत गोत्र के 'पूजा–पाठ' के लिए होता है। इस स्थान में 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) का निवास स्थान माना जाता है। हो' समुदाय में एक गोत्र का 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) स्थान एक हो सकता है। परन्तु, अलग गोत्र (किलि) होने से 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) स्थान भी अलग हो जाता है। यानि एक गोत्र के 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) स्थान में दूसरे गोत्रों को 'पूजा–पाठ' करना वर्जनीय माना जाता है। क्योंकि, हो' समुदाय में प्रत्येक गोत्रों एवं प्रत्येक परिवार के 'अदिङ' भी अलग–अलग होते हैं। एक गोत्र के अदिङ में उसी गोत्र के लोग ही पूजा–पाठ कर सकते हैं। लेकिन, एक गोत्र के अदिङ में दूसरे गोत्र के लोग पूजा–पाठ नहीं कर सकते हैं। उसी प्रकार से एक गोत्र के 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) स्थान में उसी गोत्र के लोगों को ही 'पूजा–पाठ करने' का अधिकार है। एक गोत्र के 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) स्थान में दूसरे गोत्र के लोगों को 'पूजा–पाठ करने' का अधिकार नहीं है। प्रत्येक हो' जनजाति समुदाय के घर के बगल में यह एक पवित्र एवं सुरक्षित 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) स्थान होता है। इसलिए, प्रत्येक आदिवासी हो' जनजाति के हर गोत्रों में 'वंशज इष्टदेव' (दुपुब् दिषुम मरं वोंगा) का स्थान अलग–अलग ही पाये जाते है।

(21) जल देवी पूजा स्थान (नगे एराको अ: वोङा टयेङ)

हो' जनजाति समुदाय में 'जल देवी' (नगे एरा सुउँड्) एक परिवार का दसवाँ अति पवित्र एवं महÿवपूर्ण 'इष्ट गंगा देवी का पूजा स्थान' होता है। आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ एक अलग 'जल देवी' स्थान (नगे एरा टयेड्) को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। हो' समुदाय के सभी गोत्रों (किलियों) में अपना अलग 'जल देवी' स्थान (नगे एरा सुउँड्) व्यãगत 'मान्यता' के अनुसार होता है। इस स्थान में 'जल देवी' (नगे एरा, बिंदि एरा) का निवास स्थान माना जाता है। हो' समुदाय में एक गोत्र का 'जल देवी' (नगे एरा, बिंदि एरा) स्थान एक हो सकता है। परन्तु, अलग गोत्र (किलि) होने से 'जल देवी' (नगे एरा, बिंदि एरा) स्थान भी अलग हो जाता है। यानि एक गोत्र के 'जल देवी' (नगे एरा, बिंदि एरा) स्थान में दूसरे गोत्रों को 'पूजा–पाठ' करना वर्जनीय होता है। क्योंकि, हो' समुदाय में प्रत्येक गोत्रों एवं प्रत्येक परिवार के 'अदिङ' भी अलग–अलग होते हैं। एक गोत्र के अदिङ में उसी गोत्र के लोग ही पूजा–पाठ कर सकते हैं। लेकिन, एक गोत्र के अदिङ में दूसरे गोत्र के लोग पूजा–पाठ नहीं कर सकते हैं। उसी प्रकार से एक गोत्र के 'जल देवी' (नगे एरा, बिंदि एरा) स्थान में उसी गोत्र के लोगों को ही 'पूजा–पाठ करने' का अधिकार है। एक गोत्र के 'जल देवी' (नगे एरा, बिंदि एरा) स्थान में दूसरे गोत्र के लोगों को 'पूजा–पाठ करने' का अधिकार नहीं है। प्रत्येक हो' जनजाति समुदाय के घर या गाँव के बगल में यह एक पवित्र एवं सुरक्षित 'जल देवी' (नगे एरा, बिंदि एरा) स्थान होता है। इसलिए, प्रत्येक आदिवासी हो' जनजाति के हर गोत्रों में 'जल देवी' (नगे एरा, बिंदि एरा) स्थान अलग ही पाये जाते है।

(22) गाम गइँश्री स्थान (हातु गइँषिरि टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'ग्राम गइँश्री' (हातु गइँषिरि) एक ग्राम का पहला अति पवित्र एवं महÿवपूर्ण 'इष्ट पूजा स्थान' होता है। इस स्थान को आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ सुरक्षित रखते आ रहे हैं। 'ग्राम गइँश्री' (हातु गइँषिरि) की पूजा–अर्चना गाँव के 'देहरी' (दियुरि) द्वारा सामूहिक रूप से पूजा होती है। इस स्थान को सार्वजनिक रूप से अति पवित्र एवं सुरक्षित रखा जाता है। 'ग्राम गइँश्री' (हातु गइँषिरि) की पूजा–अर्चना गाँव के 'देहरी' (दियुरि) द्वारा वर्ष में एक बार होती है। जैसेः– शादी–विवाह के समय,

(अ) 'साराती' (ओर एराको) के लोगों के स्वागत (दनारोम) हेतु 'दूल्हन' (कुनिया्) के 'ग्राम गइँश्री' (हातु गइँषिरि) स्थान में बाजा बजाना अनिवार्य माना जाता है। यह कार्यØम 'दूल्हन के मामा की ओर से' दूल्हन के गाँव के किनारे मादल (दुमा्ङ), नगाड़ा (दामा) बाजा बजाने का पवित्र रिवाज होता है। यहाँ 'साराती' (ओर एराको) के स्वागत का बाजा ताल अलग होता है।

(आ) 'साराती' (ओर एराको) एवं 'नयीं दूल्हन' के लोगों के स्वागत (दनारोम) हेतु 'दूल्हा' (बोहोर) के 'ग्राम गइँश्री' (हातु गइँषिरि) स्थान में बाजा बजाना अनिवार्य है। यह कार्यØम 'दूल्हा के मामा की ओर से' गाँव के किनारे मादल (दुमा्ङ), नगाड़ा (दामा) बाजा बजाने का रिवाज होता है। यहाँ 'साराती' (ओर एराको) एवं 'नयीं दूल्हन' के स्वागत का बाजा ताल अलग होता है।

(इ) 'दूल्हा के मामा' (बोहोर अ: कुमा् या मामु) तथा 'दूल्हन के मामा' (कुनिया् अ: कुमा् या मामु) की ओर से दोनों पक्ष से 'दूल्हा' (बोहोर) के घर के आँगन में बेदी के बाहर 'सात फेरा' लगाते समय मादल (दुमा्ङ), नगाड़ा (दामा) बाजा बजाना अनिवार्य होता है। यहाँ मादल (दुमा्ङ), नगाड़ा (दामा) बाजा बजाने का ताल बिलकुल अलग ही होता है।

(ई) 'दूल्हा' (बोहोर) तथा 'दूल्हन' (कुनिया्) के 'श्रीश्री श्रृंगार' (षरिया्ओ षिंगा्र) के समय मादल (दुमा्ङ), नगाड़ा (दामा) बाजा बजाना अनिवार्य होता है। यहाँ मादल (दुमा्ङ), नगाड़ा (दामा) बाजा बजाने का ताल बिलकुल अलग होता है।

(उ) 'दूल्हा' (बोहोर) तथा 'दूल्हन' (कुनिया्) के 'उपवास एवं व्रत' (काटब् अण्डो: तुरुब्) तोड़ने के समय मादल (दुमा्ङ), नगाड़ा (दामा) बाजा बजाना अनिवार्य होता है। यहाँ मादल (दुमा्ङ), नगाड़ा (दामा) बजाने का ताल बिलकुल अलग होते हैं।

हो' समुदाय में 'ग्राम गइँश्री' (हातु गइँषिरि) के लिए 'सोम रस' (अदोवा चउलि रेय: काटब् डिया्ङ राषि द:अ) अर्पण करने का पवित्र रिवाज होता है। इस प्रकार से 'ग्राम गइँश्री' (हातु गइँषिरि) का 'मान–सम्मान' बड़े आदर के साथ सत्कार करने का पवित्र रिवाज होता है।

(23) जाहेर थान (देषाउलि अण्डो: जयरा टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार 'जाहेर थान' (देषाउलि अण्डो: जयेरा) एक ग्राम का दूसरा अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'आदि श्रृष्टिदेव' (देषाउलि) एवं 'आदि श्रृष्टिदेवी' (जयेरा) का पूजा स्थान होता है। इस स्थान को आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ सुरक्षित रखते आ रहे हैं। 'जाहेर थान' (देषाउलि अण्डो: जयेरा) में 'आदि श्रृष्टिदेव' (देषाउलि) के रहने के लिए एक 'मन्दिर' (मोण्डोको) होता है। एवं 'आदि श्रृष्टिदेवी' (जयेरा) के रहने के लिए भी एक दूसरा 'मन्दिर' (मोण्डोको) होता है। 'आदि श्रृष्टिदेव' (देषाउलि) के रहने के लिए 'मन्दिर' (मोण्डोको) को जंगल के 'कंटीले सावई घास' से छाँवनी करने का पवित्र रिवाज होता है। इस 'मन्दिर' (मोण्डोको) में चार खूंटा गाड़ कर बनाया जाता है। और वह भी कुवाँरा लड़कों के द्वारा छाँवनी करना पवित्र माना जाता है। चार खूंटा में पूरब की ओर वाला दो खूंटा एक हाथ लम्बा होता है। इसकी लम्बाई और चौड़ाई 3 हाथ 1 बिŸाा 1 Åँगली होती हैं। और बीच में एक खूंटा गाड़ा जाता है। इस 'मन्दिर' (मोण्डोको) में पश्चिम की ओर छाँचा (चाँदाइ) होता है। उसी प्रकार से 'आदि श्रृष्टिदेवी' (जयेरा) के रहने के लिए भी एक दूसरा 'मन्दिर' (मोण्डोको) बनाया जाता है। इस 'मन्दिर' (मोण्डोको) में सात खूंटा गाड़ कर बनाया जाता है। सात खूंटा में बीच वाला एक खूंटा एक हाथ लम्बा होता है। उŸार–दक्षिण से प्रत्येक 60^0 (60 डिग्री) के नाप से 6 खूंटा गाड़ कर 'मन्दिर' के आकार का (चाँदाइ ओड़:) बनाया जाता है। इस मण्डप को भी 'कंटीले सावई घास' से ही छाँवनी करने का पवित्र रिवाज होता है। और वह भी कुवाँरा लड़कों के द्वारा छाँवनी करना ही पवित्र माना जाता है। 'आदि श्रृष्टिदेव' (देषाउलि) एवं 'आदि श्रृष्टिदेवी' (जयेरा) को गाँव के 'देहरी' (हातु दियुरि) के द्वारा सामूहिक रूप से पूजा होती है। इस स्थान को सार्वजनिक रूप से अति पवित्र एवं सुरक्षित रखा जाता है। 'जाहेर थान' (देषाउलि अण्डो: जयेरा) की पूजा–अर्चना गाँव के 'देहरी' (दियुरि) द्वारा वर्ष में एक बार होती है। हो' समुदाय में यहाँ पर पाँच बार पूजा होती हैं। जैसे:–

(1) माँगे पोरोब् में,
(2) बहा पोरोब् में,
(3) हेरो: पोरोब् में,
(4) बड्ताउलि पोरोब् में तथा
(5) जोमनमा पोरोब् के उपलक्ष में।

हो' समुदाय के मतानुसार 'देषाउलि' को एक श्रृष्टि देवता माना जाता है। उसी प्रकार से 'जयेरा' को भी एक श्रृष्टि देवी के रूप में माना जाता है। ये दोनों श्रृष्टि देवी एवं श्रृष्टि देवता को गाँव के अगल–बगल एक सुरक्षित जगह पर पवित्र 'जाहेर थान' रखा जाता है। यहाँ पर प्रत्येक पर्व–त्योहार में गाँव के 'देहरी' (हातु दियुरि) के द्वारा व्रत एवं उपवास के साथ पूजा अर्पण किया जाता है। इन दोनों की खुशीयाली होने से ही ग्रामीण भी खुशीयाली मनाते हैं।

(24) गोट पूजा स्थान (गोहोट वोङा टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'गोट पूजा' (गोहोट वोङा) एक ग्राम का तीसरा अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट गोवर्धन पूजा स्थान' होता है। इस स्थान को आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ सुरक्षित रखते आ रहे हैं। 'गोट पूजा' (गोहोट वोङा) में 'गोव)न' (गउ महरा गोहोट वोंगा) की पूजा–अर्चना गाँव के 'देहरी' (हातु दियुरि) द्वारा सामूहिक रूप से पूजा होती है। इस स्थान को सार्वजनिक रूप से अति पवित्र एवं सुरक्षित रखा जाता है। 'गोव)न' (गउ महरा गोहोट वोंगा) की पूजा–अर्चना गाँव के 'देहरी' (दियुरि) द्वारा वर्ष में एक बार होती है। 'गोट पूजा' (गोहोट वोंगा) एक जंगल का देवता होता है, जो जंगल के जंगली जानवरों से गाँव के पालतू पशुओं की रक्षा एवं देखभाल के लिए होता है। गोहोट वोंगा के नाराज होने या नाखुश होने पर जंगली जानवर जैसे शेर या लकड़बाघ के द्वारा पालतू पशुओं का मारा जाना होता है। इस प्रकार से पालतू पशुओं की रक्षा करने के लिए ही 'गोहोट वोंगा' मानने का प्रचलन हुआ। इसलिए, हो' समुदाय में अति पवित्र उपवास एवं व्रत के साथ 'गोहोट वोंगा' को पूजा करने का पवित्र रिवाज हुआ।

(25) बड़ाम बोंगा हण्डोर एड़: टयेड्

हो' जनजाति समुदाय में 'बड़ाम बोंगा हण्डोर एड़:' एक ग्राम का चौथा अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट बड़ाम पूजा स्थान' होता है। इस स्थान को आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ सुरक्षित रखते आ रहे हैं। 'बड़ाम बोंगा हण्डोर एड़:' स्थल में

'बड़ाम बोंगा' को गाँव के 'देहरी' (दियुरि) द्वारा सामूहिक रूप से 'बिदाई' होती है। इस स्थान को सार्वजनिक रूप से अति पवित्र एवं सुरक्षित रखा जाता है। 'बड़ाम बोंगा' की पूजा–अर्चना एवं बिदाई गाँव के 'देहरी' (हातु दियुरि) के द्वारा वर्ष में एक बार होती है। हो' समाज में मान्यता है, कि आदि काल में 'रहन–सहन' एवं 'खान–पान' में गलती करने के फलस्वरूप 'बड़ाम बोंगा' ने 'हैजा' जैसा महामारी फैलाना शुरु किया। कई लोग रातों–रात मर भी गये। तब गाँव के देहरी के द्वारा 'झूँपार कर' (रुम नम) के द्वारा पाया गया कि 'बड़ाम बोंगा' ने ही नाराज होकर 'हैजा' जैसा महामारी को फैलाना शुरु किया। इसलिए, इसे खुश कराने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 'बड़ाम बोंगा' की पूजा करना शुरु हो गया। आज भी इसे अति पवित्र उपवास एवं व्रत के साथ पूजा–पाठ करने का प्रचलन हुआ। बड़ाम वोंगा के नाराज होने पर ही गाँव में किसी को 'चेचक' (मारि), 'कोढ़ी बीमारी' (तुण्डु बाण्डिया) या 'मिर्गी' (अम्बारि रोगा) जैसे बीमारी होने पर विश्वास करते हैं।

(26) मंत्र पाठशाला स्थान (मोनतोर अकाड़ा टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'मंत्र पाठशाला' (मोनतोर अकाड़ा) एक ग्राम का पाँचवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट मनसा एवं मुनि पूजा स्थान' होता है। इस स्थान को आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ सुरक्षित रखते आ रहे हैं। 'मंत्र पाठशाला' (मोनतोर अकाड़ा) स्थल में '_षि–मुनियों के मंत्र' को गाँव के 'गुरूदेव' (जापन गुरु) द्वारा ग्रामीण चेलाओं या शिष्यों को 'यंत्र–मंत्र–तंत्र' की शिक्षा दी जाती है। इस स्थान को सार्वजनिक रूप से अति पवित्र एवं सुरक्षित रखा जाता है। 'मंत्र पाठशाला' (मोनतोर अकाड़ा) में '_षि–मुनियों' की पूजा–उपासना की जाती है। साथ में 'माँ मनसा' (मोन षहाय माइ) की पूजा–उपासना की जाती है। और गाँव के 'गुरूदेव' (जापन गुरु) द्वारा वर्ष में एक बार बिदाई होती है। प्रत्येक वर्ष इस 'मंत्र पाठशाला' में मंत्र शिक्षा दान के लिए 'रोहिणी' का आयोजन होता है। इस संस्थान में 'मंत्र पाठ' की शिक्षा ग्रहण करना 'माँ दूर्गा पूजा' के दिन अन्त किया जाता है। इस संस्थान में ही 'पवित्र दासाँय' नाच का आयोजन किया जाता है। और 'मंत्र पाठशाला' (मोनतोर अकाड़ा) के आखरी कार्यØम को 'डाक मनसा' में अन्त किया जाता है।

(27) नाच–गान अखाड़ा (षुसुन अकाड़ा टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'नाच–गान अखाड़ा' (अकाड़ा) एक ग्राम का छठवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'मनोरंजन स्थान' होता है। इस स्थान को आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ सुरक्षित रखते आ रहे हैं। 'नाच–गान अखाड़ा' (अकाड़ा) में ही पाँचों त्योहारों की नाच–गान का आयोजन होता है। इस अखाड़ा में ही 'मगे पोरोब्' के उपलक्ष में 'मगे नाच–गान' का आयोजन होता है। फिर इस अखाड़ा मे ही 'बहा पोरोब्' के उपलक्ष में भी 'बहा नाच–गान' का आयोजन होता है। इस अखाड़ा मे ही 'हेरो: पोरोब्' के उपलक्ष में भी 'हेरो: नाच–गान' का आयोजन होता है। और इसी अखाड़ा मे ही 'बड्ताउलि पोरोब्' के उपलक्ष में 'बड्ताउलि नाच–गान' का आयोजन होता है। फिर इस अखाड़ा में ही 'जोमनमा पोरोब्' के उपलक्ष में भी 'जोमनमा नाच–गान' का भी आयोजन होता है।

हो' समुदाय की परम्परा के मतानुसार 'शादी–विवाह' रचाना बारह महीनों में दस महीना शुभ माना जाता है। सिर्फ दो महीने ही 'शादी–विवाह' रचाना अशुभ माना जाता है। हो' समुदाय में 'पौष मास' तथा 'भादो मास' को 'शादी–विवाह' रचाना 'अति अशुभ' माना गया है। क्योंकि, 'पौष मास' को 'शादी–विवाह' रचाने पर 'धन हानि' का दोष माना गया है। फिर 'भादो मास' को 'शादी –विवाह' रचाने पर 'मान हानि' का दोष माना गया है। 'शादी–विवाह' के उपलक्ष में भी 'शादी–विवाह' की नाच एक महीना पहले से सीखा जाता है। क्योंकि, 'शादी–विवाह' की नाच अनेक प्रकार की होती हैं। 'शादी–विवाह' के उपलक्ष में 'शादी–विवाह' की नाच प्रकृति के कार्यकलाप के अनुकूल होती हैं। क्योंकि, 'शादी–विवाह' की नाच 'खेती गृहस्थी' से सम्बन्धित होती हैं। इस नाच में तीनों प्रकार के संस्कारों को दर्शाता है। गाँव में किसी परिवार के 'झगड़ा–झंझट' होने पर इस 'नाच–गान अखाड़ा' में ही 'ग्रामीण पंच' द्वारा फैसला सुनाया जाता है। इसलिए 'नाच–गान अखाड़ा' को 'ग्रामीण न्यायालय' का दर्जा भी दिया गया है। इसलिए इस स्थान को आदि काल से सार्वजनिक रूप से अति पवित्र एवं सुरक्षित रखा जाता है।

(28) खेल का मैदान (इनुङ गोड़ा)

हो' जनजाति समुदाय के प्रत्येक गाँव में एक सुरक्षित सातवाँ स्थान होता है। बच्चों को खेलने के लिए आदि काल से एक मैदान को सुरक्षित रखा जाता है। इस मैदान में तरह–तरह के खेलों का आयोजन होता है। हो' जनजाति में विभिन्न प्रकार के खेल खेले जाते हैं। जैसेः– फुटबॉल (चिण्डु इनुङ) का खेल, सेकोर इनुङ, कबड्डी (किड्किड् इनुङ), चुउर इनुङ, काति इनुङ, मिण्डि रोपो:, कुण्टाओ चि सुरद्, कच: चि कब:, स्पोर्ट्स खेल (लपापह: इनुङ) आदि खेले जाते हैं। हो' समुदाय में विभिन्न _तुओं में विभिन्न प्रकार के खेल खेले जाते हैं। लड़कों के लिए अलग खेल खेले जाते हैं। उसी प्रकार से लड़कियों के लिए भी अनेक प्रकार के खेल खेले जाते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से आपसी समरसता एवं भाईचारा बढ़ता है। विभिन्न प्रकार के खेलों का लोग आनन्द उठाते हैं। इस खेलों में प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है।

(29) आषाढ़ी पूजा स्थान (अषाड़िया् वाङा टयेङ्)

हो' जनजाति समुदाय में 'आषाढ़ी पूजा' (अषाड़िया् वोङा) एक ग्राम सीमा स्तर का आठवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट वर्षा देव पूजा स्थान' होता है। आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ 'आषाढ़ी पूजा' (अषाड़िया् वोङा) के लिए एक स्थान को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। चूँकि, हो' समुदाय खेती का काम करते हैं, खेती करने के लिए अच्छी वर्षा होना अनिवार्य होता है। प्रत्येक ग्राम स्तर पर अच्छी वर्षा होने के लिए 'ग्राम गइँश्री' एवं 'वनदेव' पउँड़ि को खुश कराना होता है। इसलिए, 'ग्राम गइँश्री' एवं 'वनदेव' पउँड़ि की पूजा होती है। इस पूजा में एक बकरे या भेंड़ की बलि चढ़ाकर पूजा की जाती है। इस पूजा में बकरा या भेंड़ का मांस सिर्फ मर्द लोग ही बाहर गाँव के सीमा में खाते–पीते हैं। यह स्थान भी अति पवित्र एवं सुरक्षित माना जाता है। इस पूजा में गर्भधारण औरत के पति को भी मांस खाना वर्जनीय होता है। प्रत्येक वर्ष आषाढ़ महीने में यह पूजा निश्चित रूप से होती है। समय पर वर्षा न होने पर आषाढ़ी पूजा के देहरी को एक पेड़ में उल्टा बाँध दिया जाता है। लोगों में मान्यता है कि ऐसे देहरी को एक पेड़ में उल्टा कर बाँध देने से वर्षा निश्चित रूप से होती है। यह पूजा प्रत्येक ग्राम में सम्पन्न करने का रिवाज है। इस स्थान में 'जंगल के पउँड़ि' का अस्थायी निवास स्थान माना जाता है।

(30) जन्ताल पूजा स्थान (जनताड़ा वोङा टयेङ्)

हो' जनजाति समुदाय में 'जन्ताल पूजा' (जनताड़ा वोङा) एक ग्राम पंचायत स्तर का नवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट पउणि देव पूजा स्थान' होता है। आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ 'जन्ताल पूजा' (जनताड़ा वोङा) के लिए एक स्थान को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। चूँकि, हो' समुदाय एवं अन्य समुदाय खेती का काम करते हैं, खेती करने के लिए अच्छी वर्षा होना अनिवार्य होता है। प्रत्येक पंचायत स्तर पर अच्छी वर्षा होने के लिए प्रत्येक 'ग्राम गइँश्री' एवं 'वनदेव' पउँड़ि को खुश कराना होता है। इसलिए, सामूहिक 'ग्राम गइँश्री' एवं 'वनदेव' पउँड़ि की पूजा होती है। इस पूजा में प्रत्येक ग्राम से एक बकरे या भेंड़ की बलि चढ़ाकर पूजा की जाती है। साथ ही सामूहिक रूप से एक भैंसा की बलि भी चढ़ाया जाता है। इस पूजा में भी बकरा या भेंड़ का मांस सिर्फ मर्द लोग ही बाहर जंगल के सीमा में खाते–पीते हैं। यह स्थान भी अति पवित्र एवं सुरक्षित माना जाता है। इस पूजा में गर्भधारण औरत के पति को भी मांस खाना वर्जनीय होता है। प्रत्येक वर्ष आषाढ़ महीने में यह पूजा निश्चित रूप से होती है। समय पर वर्षा न होने पर जन्ताल (जनतड़ा) पूजा के देहरी को एक पेड़ में उल्टा बाँध दिया जाता है। लोगों में मान्यता है कि ऐसे देहरी को एक पेड़ में उल्टा कर बाँध देने से वर्षा निश्चित रूप से होती है। यह पूजा प्रत्येक पंचायत में सम्पन्न करने का रिवाज है। इस स्थान में 'जंगल के पउँड़ि' का स्थायी निवास स्थान माना जाता है।

(31) हर जाण्टा बोङा टयेङ्

हो' जनजाति समुदाय में 'हर जाण्टा बोङा' एक 'ग्राम' का दसवाँ अति महŸवपूर्ण 'इष्ट शनिदेव पूजा स्थान' होता है। हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार 'हर जाण्टा बोगा' की पूजा प्रत्येक गाँव के बाहर चौराहों में सम्पन्न करने का रिवाज होता है। क्योंकि, हो' जनजाति समुदाय का कोई दूसरे 'मन्दिर' भी नहीं होते हैं। आदि काल से प्रकृति में आस्था और विश्वास के साथ एक 'हर जाण्टा बोङा' के लिए एक स्थान को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। हर जाण्टा बोङा प्रत्येक गाँव के किनारे या बाहर चौराहों

में ही होता है। क्योंकि, गाँव के अन्दर दूबारा प्रवेश न कर जाये। दूबारा इस गाँव में प्रवेश करने पर किसी दूसरों को भी फिर आØमण करते हैं। और उनलोगों को भी सतात रहता है। क्योंकि, यह एक शैतान आत्मा ही होती है।

(32) असगुन पूजा स्थान (एरे बोङा एड़: टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'असगुन पूजा' (एरे बोङा एड़:) एक हो' जनजातियों का ग्यारहवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट ग्रह–नक्षत्र पूजा स्थान' होता है। आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ 'असगुन पूजा' (एरे बोङा एड़:) के लिए एक स्थान को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। हो' जनजाति समुदाय में शादी–विवाह के पूर्व दूल्हा एवं दूल्हन के घर आने–जाने में जो अशुभ या असगुन देखा जाता है, उसे पूजा कराना आवश्यक माना गया है। हो' समुदाय के मतानुसार दोनों पक्षों के बीच जो गाँव पड़ता है, वहाँ 'असगुन पूजा' (एरे बोङा एड़:) का आयोजन होता है। हो' समुदाय के प्रत्येक गाँव में गाँव के किनारे चौराहों में सम्पन्न करने का रिवाज है। क्योंकि, हो' जनजाति समुदाय का कोई 'मन्दिर' नहीं होते हैं। यह 'असगुन पूजा' (एरे बोङा एड़:) आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ चली आ रही है।

(33) वनभोज स्थान (बोड़ोबुळ्जि टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'वनभोज' (बोड़ोबुळ्जि) एक विभिन्न सामाजिक संगठन का बारहवाँ अति पवित्र एवं महŸवपूर्ण 'इष्ट रोग–व्याधि पूजा स्थान' होता है। आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ 'वनभोज' (बोड़ोबुळ्जि) के लिए एक स्थान को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। 'आकस्मिक दुर्घटना से मृत आत्माओं के निवास स्थान' में ही प्रत्येक गाँव में 'वनभोज' (बोड़ोबुळ्जि) करने का रिवाज है। चूँकि, हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार गाँव में किसी के 'आकस्मिक दुर्घटना से मृत होने पर लाश को 'कब्रस्थान' से अलग जगह दफनाने का रिवाज है। और उसकी आत्मा को अपने 'अदिङ' में केया अदेर नहीं किया जाता है। उन सबों की आत्माएँ इस 'वनभोज' (बोड़ोबुळ्जि) स्थान में निवास करते हैं। यदि वर्ष में 'वनभोज' (बोड़ोबुळ्जि) नहीं किया जाये तो ये आत्माएँ हमें सताती रहेगी। और अन्त में तरह–तरह की कष्ट एवं पीड़ाएँ पैदा करेंगी। इस प्रकार से रोग–व्याधि आदि होने की आशंका होगी। इस स्थान को गाँव के लोग 'झूँपार' (रुम नम) के द्वारा चयन किया जाता है।

(34) छाता मेला स्थान (चाता पोरोब् टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'छाता मेला' (चाता पोरोब्) एक विभिन्न सामाजिक संगठन का तेरहवाँ अति पवित्र, महŸवपूर्ण एवं 'इष्ट कुबेर पूजा स्थान' होता है। आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ एक 'छाता मेला' (चाता पोरोब्) के लिए एक स्थान को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। हो' समुदाय के मतानुसार, 'चोनदोन पाट' एक पवित्र नारी पउँड़ि (पउँणि या पउइँ) होती हैं। आदि काल में यही पउणि मनुष्यों को पहनने के लिए तसर के कपड़े आदि दी थी। खाने–पीने के लिए काँसा के वर्तन, औरतों के लिए सोना और चाँदी के गहने आदि दी थी। 'बड्ताउलि पोरोब्' में गलती होने और औरतों के 'पउँड़ि स्थान' में छूत होने से 'पउँड़ि' ने दण्ड दिया। इस छूत के दण्डस्वरूप औरतों के सारे वर्तन एवं सोना–चाँदी के गहने आदि ओझल हो गये। तब गाँव में बैठकी हुई, बैठकी में निर्णय हुआ कि 'झूपार' के द्वारा खोजा जाये। अन्त में झूँपार किया गया। झूँपार के द्वारा तय हुआ कि सारे श्रृंगार आदि 'चोनदोन बुरु' की 'चोनदोन पाट' वापस ले ली है। उसे खुश कराना अनिवार्य होगा, उनके खुश होने से सारे सोना–चाँदी के गहने लौटा देगी। तब उनलोगों ने छाता मेला का आयोजन करने का फैसला हुआ। 'छाता मेला' का आयोजन करने से औरतों के सारे सोना–चाँदी के गहने लौटा दी। तब से आज तक 'छाता मेला' का आयोजन अति उत्साह एवं उमंग के साथ किया जाने का रिवाज हुआ। इसलिए, इस छाता मेला में औरत लोग सोना और चाँदी के पूरे गहने सज–धज कर मेला जाती हैं। बहुत से लोग इस छाता मेला के रस्म को आजकल भूल सा गये, इसे सिर्फ आमोद–प्रमोद का जरिया मानने लगे है। इसलिए, इस छाता मेला में हाथ से हाथ मिलाकर 'नाच–गान' करने का रिवाज हुआ। इस छाता मेला में बाजा का बाजा ताल इस प्रकार बजाया जाता है। जैसेः–

(1) हुजु: त्नको हुजु: त्न, सेनो: तनको सेनो: तन!
तिसिङ गेचाको नपम तन, गपा सेत्:को सेनो: चं!!
(2) हुजु:कोदो हुजु:पे, सेनो:कोदो सेनो:पे!

तिसिङ निंदा् तइनपे, गपा सेत: सेनो:पे!!

(35) करमा पूजा स्थान (कारम वोङा टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'करमा पूजा' (कारम वोङा) एक विभिन्न सामाजिक संगठन का चौदहवाँ अति पवित्र, महŸवपूर्ण एवं 'इष्ट बीजांकुर पूजा स्थान' होता है। आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ 'करमा पूजा' (कारम वोङा) के लिए एक स्थान को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। इस स्थान में ही 'करमा देवता' की पूजा होती है। इस स्थान में ही रात को जागरण होता है। रात भर 'करमा देवता' की कहानी सुनाया जाता है। कहीं–कहीं पर पवित्र 'करमा देवता' का 'जतरा पाठ' भी किया जाता है। इस 'जतरा पाठ' में करम देवता को खुश करने के लिए तरह–तरह के आयोजन भी किया जाता है। इस जतरा पाठ में अलग–अलग समुदाय के लोग बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस तरह से हमारे समुदाय में दूसरे समुदाय से आपसी सद्भावना के साथ रहते हैं।

(36) शैतान की बिदाई स्थान (बगिया् हण्डोर एड़:् टयेड्)

हो' जनजाति समुदाय में 'शैतान की बिदाई' (बगिया् हण्डोर एड़:) एक विभिन्न सामाजिक संगठन का पन्द्रहवाँ अति पवित्र, महŸवपूर्ण एवं 'इष्ट शैतान पूजा स्थान' होता है। आदि काल से आस्था और विश्वास के साथ 'शैतान की बिदाई' (बगिया् हण्डोर एड़:) के लिए एक स्थान को सुरक्षित रखते आ रहे हैं। हो' जनजाति समुदाय के मतानुसार, 'शैतान की बिदाई' (बगिया् हण्डोर एड़:) का कार्यØम वर्ष में एक बार किया जाता है। और वह 'मगे पोरोब्' के आखरी दिन यानि 'हर मगेया' के दिन ही मनाया जाता है। हो' समुदाय के अनुसार, शैतान को 'बगिया्' कहा जाता है। इसकी बिदाई इसलिए किया जाता है, कि ग्राम में अनिष्ट घटना न हो। इस शैतान के मौजूद होने पर ग्राम में तरह –तरह की कठिनाईयाँ होती हैं। तरह–तरह की पीड़ा, रोग, व्याधि, अनिष्ट एवं आकस्मिक दुर्घटनाएँ आदि होते हैं।

इसलिए, हो' समुदाय के मतानुसार 'हर मगेया' के दिन ही 'कुक्कुर दाँत' यानि 'अभिशाप दाँत' (ष्ता दाटा) के बच्चों को 'कुक्कुर विवाह' (ष्ता अणादि) करने का रिवाज हुआ। ऐसे बच्चों को अगर 'कुक्कुर विवाह' (ष्ता अणादि) नहीं किया जाए तो 'अभिशाप के शिकार' होते हैं। और वह अभिशाप के शिकार में 'अनिष्ट', 'अशिष्ट', 'व्यभिचार', 'दुष्ट' एवं 'चोरी–डकैती' जैसे कुकर्म में परिवर्तन हो जाता है। जैसेः–किसी धोखा में फँसना, कोई आत्मीय चीज ही खो जाना, आकस्मिक दुर्घटना होना, सर्पदंश होना, बाघहरण होना, वज्रपात से घायल होना या मरना, पानी में डूबना या डूब कर मरना, आत्म हत्या करना, जहर खाकर मरना, आग में जल कर घायल होना या मरना, किसी की माँ–बहन की इज्जत लूटना, किसी का सामान लूटना, चोरी करना, छिनतई करना आदि इनके अनेक उदाहरण हैं।

(37) सामूहिक माँगे पोरोब्

हो' जनजाति समुदाय में सबसे बड़ा 'पर्व' (पोरोब्) माँगे पोरोब् होता है। 'माँगे पोरोब्' कुल आठ दिनों के मनाये जाते हैं। इन 'माँगे पोरोब्' पर्व–त्योहारों को आठ दिन में आठ चरण के रूप में सम्पन्न किया जाता है। जैसे (जेमोन):–

(1) अनादेर,
(2) गउ महरा,
(3) ओते इलि,
(4) हे:् साकम,
(5) गुरि्् लोयो,
(6) माँगे मरं पोरोब्
(7) जतारा पोरोब् तथा
(8) हर माँगेया आदि के नाम से प्रसि) हैं।

हो' समुदाय में माँगे पोरोब् एक सामूहिक पर्व–त्योहार माना जाता है। हो' समुदाय में इसे 'श्रृष्टि का त्योहार' के नाम से जाने और माने जाते हैं। मगर, प्रत्येक घर में (उ) गुरि्् लोयो एवं (Å) मरं पोरोब् के दिन ही 'अदिङ' में पूजा का भोग चढ़ाने का रिवाज है। हो' समुदाय में एक खासियत है, कि 'रुउङ साकम' में ही भोग चढ़ाने का रिवाज होता है। इस त्योहार में सखुआ या साल के पŸाों में भोग नहीं चढ़ाया जाता है। इन दो दिनों को हो' समुदाय के प्रत्येक घर में परिवार के कोई एक व्यæ 'अदिङ' में भोग चढ़ाने का रिवाज अनिवार्य है। इसमें कोई ओझा, गुनि,

पण्डित, दियुरि, एण, देयोवाँ का होना जरूरी नहीं होता है। इस उपलक्ष में कुम्हार का नया भात हण्डी को 'अदिङ' में चढ़ाया जाता है। 'अदिङ' में भात–दाल एवं हाँड़िया का भोग अनिवार्य रूप से चढ़ाया जाता है। माँगे पोरोब् के उपलक्ष में दाल में 'नइ रम्बाह' (जंगली बरबटी) को बिना हल्दी, तैल, मशाला, नमक से बनाया जाता है। इस दाल को भात एवं हाँड़िया के साथ 'अदिङ' में इष्ट देवी–देवताओं के लिए अर्पित किया जाता है। माँगे पोरोब् के उपलक्ष में 'रुउङ साकम' के बिना 'त्योहार' मनाना बेकार माना जाता है। उसी प्रकार से दाल में भी 'नइ रम्बाह' (जंगली बरबटी) के बिना 'त्योहार' मनाना बेकार माना जाता है। इस त्योहार में सादा 'रुउङ साकम' का तीन कोण वाला दोना (कालगि) का प्रचलन होता है। भात को इसी दोना (कालगि) में ही पूजा के लिए 'अदिङ' में सजाया जाता है। उसी तरह से दाल के लिए भी दो सादा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) वाला एक दोना (चुकदि) का प्रचलन होता है। सिझा हुआ दाल को इसी दोना (चुकदि) में ही पूजा के लिए 'अदिङ' में सजाया जाता है। दो सादा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में चार–चार जगह भात–दाल का भोग चढ़ाने का पवित्र रिवाज है। पहला एक सादा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में चार जगह जीवित पउँड़ि (जिइड् पउइँ) के लिए भोग चढ़ाने का रिवाज है। इन चार जीवित पउँड़ि (जिइड् पउइँ) के नाम इस प्रकार हैं। जैसे (जेमोन):–

(1) राँगा पाट,
(2) चोनदोन पाट,
(3) आ':् वोंगा एवं बिर वोंगा तथा
(4) षुक्न जतारा के लिए भोग चढ़ाया जाता है।

दूसरा एक सादा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में चार जगह 'वंशज देवी–देवताओं' के लिए भोग चढ़ाने का रिवाज है। इन चार 'वंशज देवी–देवताओं' के नाम इस प्रकार हैं। जैसे (जेमोन):–

(1) दुपुब् दिषुम मरं वोंगा,
(2) चनल:् दिषुम मरं वोंगा,
(3) दुपुब् दिषुम हा'म हो'को तथा
(4) दुपुब् दिषुम दुउम हो'को एवं चनल:् दिषुम दुउम हो'को के लिए भोग चढ़ाने का रिवाज हुआ।

(38) अदिङ में माँगे पोरोब्

हो' समुदाय के मतानुसार 'माँगे पोरोब्' के उपलक्ष में 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में भोग चढ़ाना अनिवार्य है। एवं दाल में 'जंगली बरबटी' (नइ रम्बाह उतु) का भोग या प्रसाद चढ़ाना अनिवार्य है। कुम्हार का नया हण्डी में भात पकाया जाता है। और नया हण्डी में ही 'जंगली बरबटी' (नइ रम्बाह) को सिझाया जाता है। इसमें हल्दी, तैल, मशाला, नमक आदि नहीं दिया जाता है। क्योंकि, 'अदिङ' के भोग में हल्दी, तैल, मशाला, नमक आदि वर्जनीय है। 'अदिङ' में सादा दो 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में 4–4 जगह कुल 8 जगह भोग चढ़ाने का रिवाज है। पहला एक सादा 'सियाली पŸाा' में 4 जगह भोग चढ़ाने का रिवाज है। पहला सादा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) का भोग पाँच श्रृष्टि 'पउँड़ि' देवी–देवताओं (पउइँ वोंगा–बुरुको) के लिए चढ़ाया जाता है। जैसे (जेमोन):–

(1) राँगा पाट (श्रृष्टि देवता),
(2) चोनदोन पाट (श्रृष्टि देवी),
(3) आ':् वोंगा (श्रृष्टि देवता) तथा बिर वोंगा (श्रृष्टि देवता) और
(4) षुक्न जतारा (श्रृष्टि देवता)।

दूसरा एक सादा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) में भी 4 जगह ही भोग चढ़ाने का रिवाज है। दूसरा सादा 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) का भोग चार इष्ट वंशज देवी–देवताओं (दुपुब् बोंषो वोंगा–बुरुको) के लिए चढ़ाया जाता है। जैसे (जेमोन):–

(1) दुपुब् दिषुम मरं वोंगा (आदि वंशज देवता),
(2) चनल:् दिषुम मरं वोंगा (आदि वंशज देवी),
(3) दुपुब् दिषुम हा'म हो'को (आदि वंशज देवता पुत्र) और
(4) दुपुब् दिषुम दुउम हो'को (आदि वंशज देवता पुत्री) तथा चनल:् दिषुम दुउम हो'को (आदि वंशज देवी पुत्री)।

साथ में पेय के लिए तीन 'सियाली पŸाा' (रुउङ साकम) का सादा दोना (मुलि पुउ:्) बनाया जाता है। पहला एक सादा दोना (मुलि पुउ:्) में इन देवताओं के लिए 'हाँड़िया' अर्पित किया जाता है। दूसरा एक सादा दोना (मुलि पुउ:्) में इन देवियों के लिए 'हाँड़िया' अर्पित किया जाता है। और तीसरा एक सादा दोना (मुलि पुउ:्) में धोने के लिए पानी अर्पित किया जाता है।

(39) अनादेर

'अनादेर' एक 'पवित्र माँगे पोरोब्' का 'पहला चरण' होता है। 'अनादेर' शब्द 'अदेर' fØया से बना 'संज्ञा' शब्द होता है। 'अदेर' का सरल अर्थ होता है 'प्रवेश करना' या 'अन्दर आना'। इस प्रकार से 'अनादेर' का तात्पर्य होता है, 'माँगे पोरोब्' के 'बिषय प्रवेश'। हो' समुदाय के मतानुसार 'माँगे पोरोब्' के 'बिषय प्रवेश' को ही 'अनादेर' के नाम से जाना जाता है। चूँकि, हो' समुदाय में 'जाहेर थान' (देषाउलि अण्डो: जयेरा) में ही देवी–देवताओं को गाँव के दियुरि पूजते हैं। 'जाहेर थान' में दो प्रकार के मन्दिर (मोण्डोको) घर स्थान होते हैं। एक 'देवता' (कोवा वोंगा) के रहने के लिए तथा दूसरा 'देवी' (कुइ वोंगा) के रहने के लिए होते हैं। 'देवता' (कोवा वोंगा) के रहने के लिए घर स्थान को 'देषाउलि' टयेड् कहा जाता है। उसी प्रकार से 'देवी' (कुइ वोंगा) के रहने के लिए घर स्थान को 'जयेरा' टयेड् कहा जाता है। उन दोनों के लिए रहने के स्थान को सामूहिक रूप से 'जाहेर थान' के नाम से प्रसि) है। 'देषाउलि' के रहने के लिए घर को जंगली 'काँटेदार सावई घास' (सायुउ बुसु:) से छाँवनी करने का रिवाज है। उसी प्रकार से 'जयेरा' के रहने के लिए घर को भी जंगली 'काँटेदार सावई घास' (सायुउ बुसु:) से ही छावनी करने का रिवाज है। और वह भी 'कुवाँरा' व्यfã के द्वारा ही छाँवनी करने का रिवाज है।

हो' समुदाय के मतानुसार प्रत्येक वर्ष 'अनादेर' के दिन 'देषाउलि' एवं 'जयेरा' स्थान को साफ–सफाई किया जाने का रिवाज है। इस दिन से 'देषाउलि' एवं 'जयेरा' वोंगा की पूजा–पाठ के लिए तैयारी किया जाता है। 'जाहेर थान' स्थान की साफ–सफाई एवं उनके निवास स्थान के घर की छाँवनी आदि करना ही 'अनादेर' के नाम से प्रसि) है। इसलिए, हो' समुदाय में मान्यता के अनुसार 'अनादेर' के दिन नयीं चीजे लाना या खरीदना 'अति शुभ' माना जाता है। इस दिन कोई नयीं चीजें खरीदने से 'जयेरा एवं देषाउलि' अति खुश होते हैं। साथ में इष्ट पाँचों देवी–देवताएँ भी खुशी पाते हैं। इसलिए, हो' समुदाय में 'अनादेर' के दिन औरत लोग अपने साड़ी, गहने, कपड़े, खाने के वर्तन आदि खरीदने का रिवाज है। और मर्दाना लोग अपने लिए, गाड़ी, हल–बैल, शिकार खेलने का सामान, तीर, धनुष, जाल, जिम्बिरि, पासे, काति आदि खरीदने का रिवाज है। इस दिन को अगर कोई भी अपने लिए जरूरत की चीजें खरीदते एवं बनाते हैं। तो इसे हो' समुदाय के लिए शुभ माना जाता है।

(40) गउ महरा

